राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 47 अंक 253
जौनपुर, सोमवार
30 जून 2025
तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
33°C | 27°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8

जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट) नाक, कान, गला, थायरॉइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया B.H.M.S., C.G.O. नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

पुरी में रथ यात्रा के दौरान भगदड़, 3 श्रद्धालुओं की मौत

पुरी, 29 जून। ओडिशा की धार्मिक नगरी पुरी के सरधाबली क्षेत्र में गुदिंचा मंदिर के पास आज तड़के भारी भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए जुटे थे। पुरी के ज़िलाधिकारी सिद्धार्थ एस स्वैन ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 4 बजे घटी, जब श्रद्धालुओं की भीड़ अचानक बेकाबू हो गई। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां छह लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है। मारे गए तीन श्रद्धालुओं की पहचान हो गई है। बसंती साहू (बोलागढ़), प्रेमकांत मोहंती (बालीपटना) और प्रवाती दास (बालीपटना) के रूप में हुई है।

खबर के मुताबिक, रविवार होने की वजह से आज सुबह करीब 4 बजे श्रीगुंडिचा मंदिर के सामने खड़े तीनों रथों पर चतुर्थ विग्रहों का दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी थी। भारी भीड़ के

कारण श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई और रथ के पास भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

मिली जानकारी के मुताबिक भीड़ को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सौमेंद्र प्रियदर्शी एवं पिनाक मिश्रा के पास थी। हालांकि वह रात 1 बजे के बाद अपने गेस्ट रूम में विश्राम करने चले गए। इससे भारी भीड़ को नियंत्रित कर रही पुलिस के लापरवाह रवैये का खामियाजा आम भक्तों को अपनी जान गंवाकर भुगतना पड़ा है। कुछ भक्तों ने लिखा है कि ट्रैफिक पुलिस ट्रैफिक नियंत्रण में लगी हुई थी परंतु गुंडिचा मंदिर के सामने उमड़ी

100 से अधिक लोग घायल

भीड़ को जगन्नाथ भरोसे छोड़ दिया गया था।

प्रशासन को पहले से पता था कि रथ यात्रा के दिन अधिकांश भक्त महाप्रभु का दर्शन नहीं कर पाए हैं। ऐसे में गुंडिचा मंदिर के सामने रथ पर विराजमान महाप्रभु का दर्शन करने के लिए भक्ति आतुर हैं। बावजूद इसके भीड़ को नियंत्रित करने को प्रशासन की तरफ से वह व्यवस्था नहीं की गई जो करनी चाहिए थी। इस भगदड़ में शताधिक भक्तों के घायल होने की भी सूचना मिली है।

उल्लेखनीय है कि शनिवार दूसरे दिन तीनों रथों को खींचकर भक्त शरधाबाली के पास पहुंचाए। ऐसे में गुंडिचा मंदिर के सामने-खड़े तीनों रथ पर विराजमान चतुर्था विग्रह का दर्शन पूरी रात चला। निर्धारित रीति के मुताबिक आज अपराह्न चार बजे चतुर्धा विग्रहों को गुंडिचा मंदिर में लिया जाएगा।

पुलिस ने दी सफाई: इस मामले में सफाई देते हुए पुलिस महानिदेशक वाई बी खुरानिया ने कहा है कि भगदड़ के पीछे के कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

कैसे मची भगदड़?: भारी बारिश के कारण श्रद्धालु अपने साथ प्लास्टिक की चादरें लेकर आए थे। भगदड़ मचने के बाद जब लोग इधर-उधर भागने लगे तो उनके पैर प्लास्टिक की चादरों से फिसल गए और लोग एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, लकड़ी से भरे दो ट्रक भीड़ में घुस गए, जिसके कारण भगदड़ मची है।

SINCE : 1981
Affiliated to CBSE (New Delhi)
NEHRU BALODYAN SR. SECONDARY SCHOOL
ADMISSION OPEN 2025-26
KANHAIPUR, VAN VIHAR ROAD, JAUNPUR
SCIENCE • COMMERCE • HUMINITIES
PLAY GROUP To 9TH & 11TH
UPSC Air-1
Result - 24-01-2024
NIKHIL SINGH
SCHOOLING- 9 TO 12 (2011-2015)
TRANSPORT INCHARGE 9554586608, 8736006564
KANHAIPUR, JAUNPUR
CONTACT FOR MORE INFO 9415234111, 9415349820 9450089310

पुरी में हुई भगदड़ को लेकर सीएम माझी ने मांगी माफी

भुवनेश्वर, 29 जून। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने जगन्नाथ धाम पुरी में गुंडिचा मंदिर के सामने हुई भगदड़ की घटना पर दुख व्यक्त किया है और माफी मांगी है और साथ ही कहा है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा है कि मेरी सरकार और मैं व्यक्तिगत रूप से इस घटना के लिए सभी जगन्नाथ भक्तों से माफी मांगता हूं। मैं उन भक्तों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने शारदाबली के सामने भगवान के दर्शन करते समय अपनी जान गंवा दी। मैं भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि उन्हें इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

मुख्यमंत्री ने लिखा है कि यह लापरवाही अक्षम्य है। सुरक्षा में हुई लापरवाही की जांच की जाएगी और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया है। पुरी भगदड़ की घटना को लेकर मुख्यमंत्री ने बुलाई उच्चस्तरीय बैठक। यह बैठक मुख्यमंत्री के आवास पर हो रही है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में दो उपमुख्यमंत्रियों के साथ वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए हैं। बैठक में दुर्घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। साथ ही इस बात पर भी चर्चा की जाएगी कि आगामी दिनों में होने वाले महाप्रभु के बहुदा यात्रा, सोनावेश जैसे अनुष्ठानों को किस तरह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा।

'गरीबों के घर और रोजगार बचाने की लड़ाई लड़ेगा दिल्ली का लाल'

जंतर-मंतर पर बोले अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली, 29 जून। आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर 'घर-रोजगार बचाओ आंदोलन' का आयोजन किया। इस प्रदर्शन में हजारों की संख्या में आप कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। उन्होंने भाजपा सरकार पर गरीबों का घर और रोजगार छीनने का आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, 'दिल्ली का लाल गरीबों के घर और रोजगार बचाने की लड़ाई लड़ेगा। गरीबों के उजड़ते घरों का हिसाब होगा, आम आदमी पार्टी आवाज उनके हक की आवाज उठाएगी। दिल्ली की जनता भाजपा के बुलडोजर को जवाब देगी।'

मोदी की गारंटी झूठी और नकली है: उन्होंने कहा, 'चुनाव से पहले बीजेपी ने वादा किया था, जहां झुग्गी वहीं मकान,लेकिन भाजपा सरकार ने 5 महीने में झुग्गियां तोड़ दी। मोदी की गारंटी झूठी और नकली है। इनकी प्लानिंग दिल्ली की सारी झुग्गियां तोड़ने की है।'

आप संयोजक ने कहा, 'मैं बीजेपी वालों को चेतावनी देता हूं कि अगर झुग्गी तोड़ना बंद नहीं कि तो इतना बड़ा आंदोलन होगा कि तुम्हारा सिंहासन ढह जाएगा। इसी जंतर-मंतर से कांग्रेस गई थी, इसी जंतर-मंतर से अन्ना आंदोलन हुआ था। अगर भाजपा बाज नहीं आई तो रेखा गुप्ता की सरकार पांच साल नहीं चलेगी।'

सड़क से संसद तक लड़ेंगे लड़ाई: पूर्व मुख्यमंत्री व विपक्ष की नेता आतिश ने कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने वादा किया था- जहा झुग्गी वहीं मकान। केजरीवाल जी ने चेताया था कि ये आपकी झुग्गियां तोड़ देंगे, अब चुनाव जीतने के बाद बीजेपी सरकार आपकी झुग्गियां तोड़ रही है। केजरीवाल जी कहते हैं कि गरीबी हटाओं, बीजेपी कहती है कि गरीबों को ही हटाओ। ये आपकी झुग्गियां तोड़कर जमीन अपने पूंजीपति मित्रों को देना चाहते हैं, लेकिन जब तक आप नेताओं और कार्यकर्ताओं में खून का एक भी कतरा बाकी है, हम आपकी झुग्गियों को बचाने के लिए सड़क, कोर्ट, विधानसभा से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ेंगे।

चीन के दोस्त बांग्लादेश को भारत ने दिया झटका

सड़क मार्ग के जरिए जूट के आयात पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, 29 जून। भारत ने बांग्लादेश को बड़ा झटका देते हुए सड़क मार्ग के जरिए जूट के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह बैन तत्काल प्रभाव से लगाया गया है। अब सिर्फ समुद्र मार्ग के जरिए वो भी महाराष्ट्र के न्हावा शेवा बंदरगाह के माध्यम से बांग्लादेश में बना जूट भारत तक पहुंच पाएगा।

भारत ने यह कदम अनुचित व्यापार प्रथाओं पर लगाम लगाना और भारत के घरेलू जूट उद्योग को संरक्षण प्रदान करने के लिए लगाया है। बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार के लिए यह बड़ा झटका है। वह चीन से नजदीकियां बढ़ा रहे हैं। चीन में जाकर भारत विरोधी बातें करते हैं। भारत के इस कदम से उन्हें इस बात इल्म होगा कि आखिर निकट पड़ोसी से संबंध बिगड़ने का क्या नुकसान हो सकता है। हालांकि, भारत ने घरेलू जूट उद्योग को संरक्षण प्रदान करने के लिए यह कदम उठाया है। केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाले वाणिज्य मंत्रालय के तहत विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने शुक्रवार देर रात आदेश जारी कर सड़क मार्ग के जरिए बांग्लादेश से आने वाले जूट पर प्रतिबंध लगा दिया। अब सिर्फ समंदर के रास्ते वो भी महाराष्ट्र के न्हावा शेवा बंदरगाह के जरिए ही बांग्लादेश का जूट भारत पहुंच पाएगा। वाणिज्य मंत्रालय के इस फैसले के तहत देश के सभी स्थल और समुद्री बंदरगाहों पर बांग्लादेशी जूट उत्पादों के आयात पर भी रोक लगा दी गई है। भारत का कहना है कि बांग्लादेश से सस्ते और सब्सिडी वाले जूट उत्पादों, जैसे धागा, फाइबर और बैग, के आयात से भारतीय जूट उद्योग को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसलिए यह कदम उठाया गया है ताकि भारत के जूट उद्योग को फायदा मिल सके।

वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार, 'बांग्लादेशी निर्यातकों द्वारा अनुचित व्यापार प्रथाओं और बांग्लादेश सरकार के साथ मिलीभगत के कारण भारतीय जूट उद्योग को भारी नुकसान हो रहा है। इसे बचाने के लिए हमने यह कदम उठाया है। बांग्लादेश से अब जूट और जूट उत्पादों का भारत में आयात सिर्फ न्हावा शेवा बंदरगाह से ही हो सकेगा।'

School No. : 70622
Affiliation No.: 2131221
Admission Open 2025-26
Science, Commerce & Humanities
R.N. Tagore Higher Secondary School
(A Senior Secondary School)
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
WHERE EVERYONE IS AN ACHIEVER
Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur
Phone:+91 5452-352515 Mob.: 9616178972, 9935011946, 7388456512
Email : rnthrss94@rediffmail.com | www.rntsss.com

Referral Book
The Most Advanced 192 Slice Siemens CT Scan Facility in Purvanchal
Diagnato diagnostics realm
• CT Coronary Angiogram
• Brain Angiography
Opposite R.N. Tagore Hr. Sec. School Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur-222001
9580799739, 8400746241
diagnatoimaging@gmail.com

उत्तरकाशी में बादल फटने से तबाही, नौ मजदूर लापता

10 मीटर हाइवे बहा, दो शव बरामद

गढ़वाल, 29 जून। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में शनिवार रात से मूसलाधार वर्षा चल रही है। उत्तरकाशी जनपद में जहां बादल फटने से एक होटल के निर्माण कार्य में लगे नौ मजदूर लापता हैं। खोज और बचाव दल ने दो शव बरामद किए हैं। वहीं यमुनोत्री हाइवे 10 मीटर वॉशआउट हुआ है। इधर, रुद्रप्रयाग और चमोली जनपद में स्थित बद्रीनाथ और केदारनाथ क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण मंदाकिनी और अलकनंदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर चल रहा है। दोनों जनपदों में पुलिस नदी किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगह पर जाने की अपील कर रही है और तीर्थ यात्रियों व अन्य लोगों को नदी किनारे जाने से भी रोकने की अपील की है। चमोली जिले में वर्षा से कई जगह हाइवे पर मलबा और भूस्खलन आने से मार्ग बाधित हुए हैं। मलबा आने से कमेडा नंदप्रयाग में हाइवे बंद है।

रात तीन बजे की घटना: जानकारी के अनुसार यमुनोत्री हाइवे पर पालीगाड़ से 4 किलोमीटर आगे सिलाई बैंड के पास रात करीब 3 बजे बादल फटने की घटना हुई। इससे पानी के तेज बहाव में नौ मजदूरों के लापता होने की सूचना है। साथ ही करीब 10 मीटर यमुनोत्री हाइवे बह गया है।

डीएम ने दी जानकारी: जिलाधिकारी उत्तरकाशी प्रशांत आर्य ने बताया कि सिलाई बैंड के पास एक होटल निर्माणाधीन है, जिसके मजदूर नजदीक कैंप में निवास कर रहे थे। कैम्प में करीब 19 मजदूर थे, जिसमें 9 मजदूर लापता हैं। वहीं, भारी मलबा आने से सिलाई बैंड के पास करीब 10 मीटर नेशनल हाइवे का हिस्सा भी वाश आउट हुआ है, जिसके पुनर्निर्माण में समय लग सकता है। मौके पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस व राजस्व की टीमें रेस्क्यू अभियान में जुटी हैं।

हादसे में लापता: दूजे लाल (55), केवल थापा (43), रोशन चौधरी (40), विमला धामी(36), मनीष धामी(40), कालूराम चौधरी (55), बाबी(38), प्रिंस(20), छोटू(22)।

पांच आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर

लखनऊ, 29 जून। गृह विभाग ने रविवार को तीन वरिष्ठ के साथ पांच आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इनमें हाल ही में डीजी के पद पर प्रोन्नत लखनऊ जोन के एडीजी रहे एसबी शिरडकर को भी नई तैनाती मिली है। महानिरीक्षक कार्मिक शलभ माथुर ने रविवार को तबादला आदेश जारी किया है। लखनऊ जोन के एडीजी रहे एसबी शिरडकर को महानिदेशक पुलिस प्रोन्नति एवं भर्ती बोर्ड के पद पर तैनात किया गया है। एडीजी पीएसी सुजीत पांडेय को एडीजी लखनऊ जोन और एडीजी पीटीसी सीतापुर आरके स्वर्णकार को एडीजी पीएसी के पद पर तैनात किया गया है। एसपी सीआईडी आशीष तिवारी को एसएसपी सहारनपुर के पद पर तैनात किया गया है जबकि एसएसपी सहारनपुर रोहित सिंह सजवान को डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। अभी कई एडीजी, आईजी व डीआईजी के साथ एसएसपी और एसपी भी बदले जाएंगे।

जय माँ गायत्री सुपरस्पेशलिटी
पेन हॉस्पिटल/क्लीनिक एवं पैलिएटिव केयर (दर्द चिकित्सालय)
वाजिदपुर तिराहा, जौनपुर
दर्द क्लीनिक (पेन क्लीनिक)
दर्द विभाग- पुराना दर्द की चिकित्सा विशेषज्ञता का हॉस्पिटल जनपद में पहली बार इन्टरवेंशनल पेन प्रोसीडर सर्जरी द्वारा बिना चीर फाड़ के दर्द से तत्काल आराम।
पेन मैनेजमेंट डिपार्टमेंट
चेहरे का दर्द, घुटने का दर्द, स्पाइन का दर्द, गर्दन का दर्द, न्यूरो (नस) का दर्द, कैंसर का दर्द, माइग्रेन का दर्द इत्यादि।
पुराना दर्द से आराम न मिलने पर दर्द विभाग में अवश्य दिखायें
पैलिएटिव मेडिसीन विभाग- पैलिएटिव विभाग/विशेषज्ञता का जनपद में पहली बार प्रारम्भ पुराना गम्भीर जनरल मेडिसीन/ सायकियाट्रिक/न्यूरोलॉजी/ कार्डियोलॉजी/ टी.बी. एवं चेस्ट/ आन्कोलॉजी (कैंसर विभाग)/HIV विभाग इत्यादि से सम्बन्धित रोगों/ विशेषज्ञों के यहाँ से आराम न मिलने पर पैलिएटिव मेडिसिन विभाग/विशेषज्ञता में एक बार अवश्य दिखायें।
क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग- इमरजेन्सी डाक्टरों की हर समय (आई.सी.यू. & वेन्टीलेटर) सुविधा/उपलब्धता
24 Hours सेवा
डेंगू, मलेरिया, निमोनिया हार्ट अटैक, साँस फूलना इत्यादि।
डा. विवेक शुक्ला
M.D. एनेस्थिसियोलॉजी & क्रिटिकल केयर
F.P.M (Fellow Pain Management & Palliative Care)
दर्द प्रबंधन विशेषज्ञ (पेन स्पेशलिस्ट), पैलिएटिव फिजिशियन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट Regd.No.- 53800

A Place Of Scientific, Situational & Sequential Learning...
ST. MARRY CONVENT SCHOOL
Session 2025-26
ADMISSION OPEN
For Classes PG to IX
Ph No.: 9598785972, 7007410872
Add.: Purani Bazar, Jaunpur

SALVATION HOSPITAL साल्वेशन हॉस्पिटल
The Culture of Care
डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव B.A.M.S. (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
24/7 Emergency Services
24 घंटे भर्ती की सुविधा
आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी
नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
डॉ. विवेक श्रीवास्तव M.D. (Physician, F.G.O. (APOLO HOSPITAL) P.G.D.S. Member of Indian Medical Association UPMCI Rg. No. 95653
पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना सम्बद्ध अस्पताल
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत सूचीबद्ध अस्पताल
कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547

20 Year
750/916 Hallmark Jewellery
BIS हालमार्क रजिस्टर्ड एक्सक्लूसिव शोरूम
मानकः पथप्रदर्शकः
HUID HALLMARK
आपके विश्वास व शुद्धता पर खरा
99 19 7320 11
उमाशंकर लाइट हाउस का प्रतिष्ठान
उमाशंकर ज्वेलर्स
संजीव साहू
हरलालका रोड, जौनपुर-222001
RuPay VISA G Pay द्वारा पेमेन्ट की सुविधा उपलब्ध है।

कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम संपन्न | बड़े उद्योगपतियों का हो रहा कर्जा माफ

संविधान विरोधी लोगों के खिलाफ जनजागरण व क्रांति जरूरी : कौशलेश पाठक

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई के निर्देशानुसार व उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष डॉ0प्रमोद पाण्डेय के आह्वान पर रविवार को जिला मुख्यालय स्थित चंडी तिराहा स्थित संकट मोचन मंदिर प्रांगण में कॉंग्रेस सेवादल द्वारा मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ध्वजारोहण हाजी सजाउदीन द्वारा किया गया। कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष कौशलेश पाठक ने कहा कि देश के सबसे पुराने क्रांतिकारी संगठन अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल द्वारा स्वाधीनता संग्राम के समय से ही सेनानियों को एकत्र करने और देश भर में क्रांति का संचार करने के लिए ध्वज वंदन होता रहा है। आज देश में जिन लोकतंत्र और संविधान विरोधी लोगों का शासन है उसके खिलाफ भी ऐसे ही

जनजागरण और क्रांति की आवश्यकता है, जिसके लिए कांग्रेस सेवादल का एक-एक कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है।

केन्द्र व प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए श्री पाठक ने कहा कि जिस तरीके से आज लगातार महंगाई, बेरोजगारी बढ़ती जा रही है और सरकार का उस पर ध्यान नहीं है, बड़े उद्योगपतियों के हजारों करोड़ रुपये के कर्ज माफ कर दिए जा रहे हैं जबकि किसानों के खाद, बीज, कृषि उपकरणों की कीमत बढ़ती जा रही है, लेकिन सरकार में बैठे लोग इससे निजात दिलाने में पूरी तरह से फेल हैं।

आने वाले समय में निश्चित ही जनता इन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। इस मौके पर कांग्रेस सेवादल के शहर अध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी, पूर्वी ज़ोन सेवादल महासचिव रामानंद पाण्डेय, आशुतोष पाठक, वृजकिशोर शुक्ला, प्रमोद सिंह, सुरेंद्र कुमार, बद्री पाल, लालमनी, राजेश सोनी, लालू विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिवाजी मिनी स्टेडियम में किया पौधरोपण

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। जनसंघ के संस्थापक डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ताओ ने रॉबर्ट्सगंज स्थित शिवाजी मिनी स्टेडियम में पौधरोपण कर गोष्ठी किया। गोष्ठी में पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ0धर्मवीर तिवारी ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद महान शिक्षाविद्, राजनेता, सांसद, अदम्य साहस के धनी और सहृदय और मानवतावादी थे। डॉ. मुखर्जी इस धारणा के प्रबल

समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं।

गोष्ठी में श्याम उमर, दिशांत द्विवेदी, धर्मवीर त्यागी, सत्यम सोनी, माखन चौरसिया, अभय, रवि, संदीप आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खजुरी नदी के तट पर जल संशाधन मंत्री ने स्नानघाट का भूमि पूजन कर किया शिलान्यास

मीरजापुर। ग्राम पंचायत बरकछा कलां खजुरी नदी के तट पर प्रदेश के मंत्री, सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग स्वतंत्र देव सिंह ने स्नानघाट का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। तत्पश्चात् जल संसाधन मंत्री एवं विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने स्नान घाट पर खुदाई कर श्रमदान किया। मंत्री व विधायकगण के द्वारा नदी के तट पर वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर सिंचाई मंत्री ने कहा कि जल संरक्षण संकट की बढ़ती आशंका के दृष्टिगत छोटी और मझली नदियों का जीर्णोद्धार व सफाई अभियान सकारात्मक और प्रेरणादायी पहल है। इस अभियान के तहत पुराने और लगभग विलुप्त हो चुके जल स्त्रोतों को पुनर्जीवीत करने का अभियान केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा भी चलाया गया है। जल स्त्रोतों के पुनर्जीवीत करने में जन सहभागिता भी आवश्यक है। मंत्री ने कहा कि खजुरी नदी के जीर्णोद्धार से लगभग 16 ग्राम पंचायतों को सिंचाई व पानी संरक्षण की दिशा में लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि यह नदी 19 किमी की दूरी तय कर गंगा नदी में जाकर मिलती है। नदी की चैड़ाई लगभग 30-60 मीटर है जिसे जीर्णोद्धार अभियान के तहत खुदाई कराया जा रहा है। बरकछा कला में नदी के तट पर स्नान घाट बनने से यहां के लोगों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए धर्मवीर सिंह, खण्ड विकास अधिकार मुनीष सिंह सहित अन्य जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहें।

डबल इंजन सरकार चल रही है तरक्की की राह पर : सरवर

डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर किया पौधरोपण

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर नगर के जलालपुर मोहल्ले में भाजपा के वरिष्ठ नेता सरवर सिद्दीकी के जनसमपर्क कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एव उ.प्र.राज्य हज कमेटी के पूर्व सदस्य सरवर सिद्दिकी ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश तरक्की के राह पर चल रही है। डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के आधार पर चल रही

है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ नारा ही नहीं है बल्कि भाजपा की सरकार इस पर काम कर रही है और जनकल्याणकारी योजनाओं को बनाकर उसको वास्तविकता के धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है। कार्यक्रम के पश्चात मां के नाम एक पौधे का रोपण किया गया। सरवर सिद्दिकी, भाजपा की जिला उपाध्यक्ष संगीता खन्ना व कालीन निर्यातक मुश्ताक अंसारी ने पौधरोपण किया। इस मौके पर राजीव विश्वकर्मा, आशीष चौहान, मुमताज अंसारी व आदिल अली अंसारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

भामाशाह हमारी राष्ट्रीय पहचान हैं : डॉ. गुरु प्रसाद सिंह

मीरजापुर। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वाधान में व्यापारी कल्याण दिवस व दानवीर भामाशाह जयंती का आयोजन नगर के कृष्णा पैलेस में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। सभी अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष ताराचंद आग्रहरि ने माल्यार्पण, अंगवस्त्र व तुलसी का पौधे के माध्यम से किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ व्यापारी अशोक केशरवानी व संचालन मुकेश साहू ने किया। सभी का आभार व धन्यवाद कार्यक्रम संयोजक शैलेन्द्र अग्रहरि ने किया।

मुख्य अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर डॉ. गुरु प्रसाद सिंह ने कहा कि भामाशाह हमारी राष्ट्रीय पहचान हैं। अपनी दानवीर परम्परा के लिए वैश्य समाज जाना जाता है जिसमे जन्म लेने वाले भामाशाह का वहां के राजा महाराणा प्रताप के लिए दिए गये दान ने देश प्रेम की असीम भावना को दर्शाया है। भारत के किसी भी कोने में आप जायेंगे तो आपको वैश्य समाज की धर्मशालाएं, स्कूल और मंदिर जैसे रचनात्मक प्रकल्प दिख जायेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि भमाशाह के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता, महापुरुषों को किसी जाति में नहीं बांधा जा सकता वे समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा हैं। आने वाली पीढ़ीयों के निर्माण के लिए महापुरुषों से सम्बंधित संगोष्ठीयां आयोजित होते रहनी चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया ने उनके योगदान और देशप्रेम को अविष्मरणीय बताते हुए, कहा कि उनका समर्पण और त्याग अनुकरणीय है। उनका व्यक्तित्व भारत के सांस्कृतिक परंपरा की विरासत है। प्रदेश महामंत्री शैलेन्द्र अग्रहरि ने कहा कि भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाना हमारे लिए गौरव का विषय है। राजस्थान के बाद उत्तर प्रदेश की सरकार ने यह पहल की है। पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि भामा और राणा दोनों प्रेरणा हैं और भामा बिन राणा अधूरा और राणा बिन भामा भी अधूरे ही रहेंगे।

एक शौर्य की पहचान तो दूसरे उस शौर्य की ताकत थे। संगोष्ठी को संजय सिंह गहरवार, शत्रुघ्न केशरी, अजय मिश्रा, डॉ धर्मजीत सिंह, संतोष गोयल, अशोक सिंह सहित दर्जनों वक्ताओं ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में कृष्ण गोपाल चौबे, अशुकांत चुनाहे, गुलाम हैदर, राकेश बिन्द, अमरेश यादव, शिखा अग्रवाल, अनुज उमर, डॉ अमित सिन्हा, कन्हैया तिवारी, निखिल गुप्ता, नयन जायसवाल, उमेश तिवारी, अनिल यादव, समीर खान, राहुल बरनवाल, विजय गुप्ता, फिरोज अहमद, आशा अग्रहरि, विमलेश अग्रहरि, मुकेश अग्रहरि, हरिहर प्रताप सिंह, सुरेश केशरी, शंकर चौधरी, ओमप्रकाश, शुभम, पूनम गुप्ता, हिमांशु आदि रहे।

टांडा फाल में भदोही के डूबे युवक का उतराया मिला शव

मीरजापुर। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत टांडा फाल में भदोही जिला से 11दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए आए युवक का फाल में हाथ धोते समय शुक्रवार को पैर फिसलने से गहरे पानी में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। बीती रात शव पानी में उतराया देख ग्रामीणों की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर परिजनों की मौजूदगी में शव को पानी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा दो दिन गोताखोरों से युवक की तलाश करवाया लेकिन सफलता नहीं मिली।

अंतत: शनिवार की रात शव पानी में उतराया मिला। लालगंज थाना क्षेत्र के टांडा फॉल में शुक्रवार को स्नान करने के बाद दोस्तों के साथ भदोही जिला के गोपीगंज सरई मिश्रानी निवासी अजय कुमार बिंद उम्र 28 वर्ष खाना खाया और हाथ धोते समय पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया। जिसका शव शनिवार की देर रात बरामद हुआ। भदोही जिला के गोपीगंज थाना क्षेत्र के सरई मिश्रानी गांव से टांडा फाल में पिकनिक के लिए ग्यारह सैलानियों में 27 वर्ष लवकुश , 27 वर्षीय दिलीप बिंद, 28 वर्षीय राहुल सरोज, 22 वर्षीय मंगल, 22 वर्षीय हनुमान, 17 वर्षीय अनुज बिंद, 18 वर्षीय प्रदीप, 25 वर्षीय आशीष , 23 वर्षीय अनूज कुमार और 28 वर्षीय अजय कुमार बिंद पहुंचे थे। खाना खाने के बाद हांथ धोते समय पैर फिसलने से अजय कुमार बिंद गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक चालक की मौत

मड़िहान, मीरजापुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के मिर्जापुर सोनभद्र संपर्क मार्ग पर बघौडा गांव के सामने सड़क किनारे स्थित न्यू शिखर ढाबा के पास ट्रक में सो रहे चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रयागराज जनपद के सिविल लाइन तेलियरगंज निवासी 39 वर्षीय, ट्रक चालक मोहम्मद नसरत पुत्र नासिर 22 वर्षीय, परिचालक वसीम के साथ शनिवार की शाम प्रयागराज से ट्रक लेकर सोनभद्र जा रहा था।भोर में करीब साढ़े तीन बजे के करीब जैसे ही बघौडा गांव के पास न्यू शिखर ढाबा के सामने पहुंचा तो जोरो की नींद आने के चलते ट्रक साइड लगाकर केबिन में ही दोनों सो गए। रविवार को सुबह साढ़े आठ बजे के करीब परिचालक की नींद खुली तो वह चालक को जगाने लगा।परन्तु जब वह नहीं उठा तो ढाबा संचालक को बुलाकर मौके पर लेगया। संचालक ने ही 112 पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ लेकर पहुंचे। जहां मौजूद डॉ संतलाल ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।परिजनों के आने का इंतजार करने के साथ पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था। घटना की सूचना के बाद मड़िहान क्षेत्राधिकारी मुनेंद्र पाल सिंह, इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह, राजगढ़ इंस्पेक्टर रणविजय सिंह मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच में जुटे। राजगढ़ इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक चालक के पास ट्रक में रखा आंख में डालने वाली दो ड्राफ मिला है।

मासूम की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत, परिजन में मातम

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। थाना क्षेत्र के गांधी गांव में ननिहाल आई 8 वर्षीय मासूम बच्ची अलफिजा को रविवार को अवैध खनन में लगे एक ट्रैक्टर ने कुचल दिया। जिसके चलते बच्ची की मौत हो गई। अलफिजा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद चालक बगैर मिट्टी गिराएं ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वाराणसी जनपद के बहरी कपसेठी निवासी इसराफिल की पुत्री अलफिजा अपनी मां रुखसाना के साथ नाना मरहूम मैनुद्दीन के घर गांधी गांव में शनिवार की शाम के समय आई थी। आज सुबह 10 बजे वह खाना खाकर घर के बाहर बैठी थी। जो मिट्टी लादकर गांव में आ रहे एक ट्रैक्टर की चपेट में आ गई। आनन-फानन में परिवार के लोग घायल बच्ची को इलाज के लिए गोपीगंज नगर में स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। परिजन जब बच्ची को सीएचसी ले गए तो चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बालिका की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं मृतका की मां का तो रो-रोकर बुरा हाल रहा। मृत बच्ची के मामा परवेज ने बताया कि उनकी भांजी घर के बाहर बैठी थी। तभी तेजगति से आ रहे ट्रैक्टर को देख आसपास के लोग खड़े हो गए और शोर मचाने लगे लेकिन चालक बच्ची को कुचलते हुए भाग निकला। गांव के लोगों ने उसका पीछा किया। लेकिन वह हरदेवपुर गांव में पहुंचकर ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद परिजन के साथ काफी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंच गए। परिजनों द्वारा पुलिस को ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध नामजद तहरीर दी गई। मृत बच्ची दो बहन व एक भाई में छोटी थी। घटना की जानकारी मिलते ही मृत बालिका के बहरी गांव से परिवार के लोग भी आ गए थे।

सांस्कृतिक महत्व को बढ़ायेगा विन्ध्यधाम तीर्थ विकास परिषद : स्वतंत्रदेव सिंह

मीरजापुर। विंध्याचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसिया विंध्याचल में उत्तर प्रदेश विंध्यधाम तीर्थ विकास परिषद के शासकीय कार्यालय भवन का प्रदेश के मंत्री, सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग स्वतंत्रदेव सिंह ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक नगर, विधायक मड़िहान, विधायक छानबे, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने मंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश विंध्यधाम तीर्थ विकास परिषद कार्यालय भवन 2372.99 लाख रुपये की लागत से 855 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनाया जाएगा।

निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड की निर्माण इकाई-16, मीरजापुर द्वारा कराया जाएगा। परियोजना के लिए 850 लाख रुपये की धनराशि पहले ही अवमुक्त की जा चुकी है। इस परियोजना में विंध्यधाम तीर्थ विकास परिषद के कार्यालय भवन के साथ-साथ तृतीय तल, बाउंड्रीवाल, गार्ड रूम, गेट, हार्टिकल्चर, और बाह्य विकास कार्य शामिल हैं। यह परियोजना क्षेत्र के धार्मिक और प्रशासनिक महत्व को और सशक्त करेगी, साथ ही स्थानीय विकास को गति प्रदान करेगी। जल संसाधन मंत्री ने इस परियोजना को विंध्याचल क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि विंध्यधाम तीर्थ विकास परिषद कार्यालय का निर्माण न केवल प्रशासनिक कार्यों को सुगम बनाएगा, बल्कि यह विंध्याचल के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को भी बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के साथ-साथ क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगी। मा. मंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि सरकार धार्मिक स्थलों के विकास और बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए निरंतर प्रयासरत है। विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल व विधायक छानबे रिंकी कोल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्याम सुन्दर केशरी ने इस परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

विषैले जंतु के डंसने से बालक की मौत पुलिस कार्रवाई में जुटी

हलिया, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के पूर्वा अवसान सिंह गांव में रात को किसी विषैले जंतु के डंसने से बालक की हालत बिगड़ गई। परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए गंभीर स्थिति को देखकर चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। एम्बुलेंस से परिजन ट्रामा सेंटर जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुट गई। स्थानीय थाना क्षेत्र के पूर्वा अवसान सिंह गांव निवासी विजय का बेटा हिमांशु उर्फ अंशु(4)अपनी माँ रानी देवी के साथ चारपाई पर सोया था।रात में अंधेरा था पेशाब करने के लिए चारपाई से नीचे उतरा की जमीन पर किसी जहरीले जंतु ने गर्दन तथा पीठ पर दंश लिया अचेत होने पर परिजनों ने उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां पर स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया कि शनिवार देर रात रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह का कहना है कि जहरीले जंतु के डंस से बालक की मौत हुई है पीएम के लिए भेज दिया गया है।

पंचायती राज विभाग की उदासीनता का दंश झेल रहे ग्रामवासी

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। जिले के चतरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत चपईल में गांव के गलियों के पुनरुद्धार हेतु तथा गांव में लगी पानी की टंकी से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु विकास खण्ड अधिकारी को एक पत्र 2022 में दिया गया तथा 2024 में भी दूसरे विकास खण्ड अधिकारी से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया गया। किन्तु आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ।

गांव के शिकायत कर्ता अभय सिंह पटेल ने 2022 में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की तो हवा में ही पंचायत सचिव द्वारा सरकार से बजट नहीं होने की बात निस्तारण आख्या में लिखा गया तथा बजट प्राप्त होने पर गलियों के निर्माण की बात कही गई, किन्तु समस्या जस के तस रही तो शिकायत कर्ता द्वारा फिर 2025 में पोर्टल पर जब शिकायत की गई तो फिर निस्तारण आख्या कागज में तो दे दिया गया किन्तु जमीनी हकीकत कुछ और है। ग्राम प्रधान तथा सचिव गांव में बाउंड्री के अन्दर व्यक्तिगत रूप से एक व्यक्ति के लिए इंटरलाकिंग का कार्य करा रहे हैं, किन्तु सार्वजनिक कार्य कराने के लिए बजट नहीं है इनके पास। गांव में लोगों को पीने के लिए दूर से पानी लाना पड़ता है, लेकिन पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं करा सकते हैं माननीय लोग। यदि ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों की जांच ईमानदारी से करा दी जाय तो सच्चाई सामने आ जायेगी।

हर महीने जिस पैसे का बिल बनाया जा रहा है, उसका जमीन पर कुछ काम नहीं हो रहा है। शिकायतकर्ता ने सीएम से ट्वीट कर मामले की ईमानदारी से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

वेलकप गांव बूथ पर भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

सोनभद्र। सदर तहसील क्षेत्र के वेलकप गांव बूथ संख्या 29 पर मुख्य अतिथि सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत व भाजपा मंडल अध्यक्ष दसरथ कुमार सोनी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी। ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने इस दौरान बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो शो मन की बात का 123वां एपिसोड जारी हो गया है। देशवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार आप अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की ऊर्जा से भरे हुए हैं। यह 10 साल पहले शुरु हुआ था और आज पूरी दुनिया में छा गया है। योग अब सशक्तिकरण का जरिया बन गया है। इस मौके पर आलोक पांडेय, ग्राम प्रधान संजय सिंह, कप्तान कोल, राम भारत कोल, सुरेश कोल, भोला कोल, कवि शंकर यादव, धर्मशिला कोल, सुमन कोल, शारदा कोल, अनीता कोल, प्रमिला कोल, सरस्वती कोल आदि रहे।

सीएमओ ने मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का किया निरीक्षण

दो पीएचसी पर पहुंचकर मातहतों को दिया आवश्यक निर्देश

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। सीएमओ डॉ.संतोष कुमार चक ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ममहर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालानगर में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां पर एक कर्मचारी के उनके द्वारा 7 दिवस के वेतन भुगतान पर रोक लगाई गई।

पीएचसी ममहर में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला के निरीक्षण के दौरान सीएमओ के संज्ञान में आया है कि निधी शर्मा स्टाफ नर्स मुख्यालय पर निवास बनाकर कार्य नही करती है। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई और उनके माह जून के 7 दिवस का वेतन बाधित कर दिया। राजकुमार सिंह एलए द्वारा स्पूटम की जांच नही किए जाने पर सीएमओ ने फटकार लगाई। स्वास्थ्य मेंले में एचडब्लूसी भाला की सीएचओ रश्मि त्रिपाठी एवं सब सेंटर की एएनएम बबिता मौजुद पाई गई । उनके द्वारा बताया गया कि सभी आशाओं को फिल्ड में भेजा गया है। मरीजों को पीएचसी में बुलाने के

निरीक्षण करते सीएमओ डा. संतोष कुमार।

लिए। उक्त मेले मे सब-सेंटर अवसानपुर की आंगनवाडी कार्यकर्ती नही आयी थी।

सीएमओ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालानगर में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके संज्ञान में आया है कि आयुर्वेद के चिकित्सक 2.45 बजे ही चले गए। पानी की टंकी नही है। सीएमओ ने निर्देशित किया कि पानी की टंकी की व्यवस्था कल्पना टंडन वरिष्ठ लिपिक से सम्पर्क कर क्रय कर लिया जाए।

स्वच्छ जल की सप्लाई चालू

लालगंज, मीरजापुर। लहंगपुर बाजार में जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए नलों से गुरुवार सुबह गंदा पानी आने की खबर प्रकाशित की गई है। खबर को देख अधिकारियों ने जांच पड़ताल करते हुए स्वच्छ जल की सप्लाई शुरू कर दी है।

एनसीसी के जेई प्रदीप ने बताया कि बारिश के कारण पाइपलाइन दो जगह से टूटी होने के कारण गंदा पानी आ रहा था जिसको ठीक करवा दिया गया है। बता दें कि ग्रामीणों ने बताया कि दो दिनों से सप्लाई के दौरान ऐसा पानी आ रहा है कि जो पीने के लायक नहीं है। इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। खबर को संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों ने जांच कर ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ जल की आपूर्ति चालू की है।

गड़बड़झाला : प्रधान ने एबीएसए की रिपोर्ट को बताया गलत

निलंबित प्रभारी प्रधानाध्यापक धीरज सिंह को बचाने के लिए झूठ दर झूठ का चलता आया है खेल

मीरजापुर। जिले के नरायनपुर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बेगपुर के 24 जून को बंद होने के एबीएसए की रिपोर्ट को गांव की ग्राम प्रधान ने सिरे से खारिज कर दिया है। कहाकि एबीएसए ने उनके ससुर के बयान का अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किए है, जबकि उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया ही नहीं है। बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएसए अनिल कुमार वर्मा ने एबीएसए की रिपोर्ट पर प्राथमिक विद्यालय बेगपुर के प्रधानाध्यापक व दो महिला सहायक अध्यापिकाओं से स्पष्टीकरण मांगा है। इसी के बाद एबीएसए के फर्जी निरीक्षण की पोल खुल गई है साथ ही एबीएसए की मनमानी और तानाशाही को लेकर आक्रोश भी गहराने लगा है। बताते चलें कि एबीएसए नरायनपुर ने बीते 24 जून को प्राथमिक विद्यालय बेगपुर का निरीक्षण कर विद्यालय बंद होने की रिपोर्ट बीएसए को दी थी। अपनी रिपोर्ट में उन्होने गांव की प्रधान समीना के ससुर डॉ. राशिद के बयान का उल्लेख किया है। उन्होंने लिखा है कि निरीक्षण के दौरान विद्यालय बंद मिला और गांव के प्रधान के ससुर डॉ. राशिद ने बताया कि यह विद्यालय 23 जून को भी बंद था। बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय बेगपुर के प्रधानाध्यापक नागेंद्र सिंह, सहायक अध्यापिका प्रियंका और रिचा से स्पष्टीकरण मांगे। इसकी जानकारी होने पर जब विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने ग्राम प्रधान को समीना से बात की तो उन्होंने अपने ससुर डॉ. राशिद से इस संबंध में पूछताछ की। डॉ. राशिद ने बताया कि एबीएसए ने मुझसे बात ही नहीं की है। फिर ऐसी रिपोर्ट क्यों भेज दिए। वहीं ग्राम प्रधान ने शिक्षकों के समर्थन में बीएसए को पत्र भी भेजा है। कहा है कि विद्यालय प्रतिदिन खुल रहा है। फिर झूठी रिपोर्ट क्यों भेजी जा रहा है। ग्राम प्रधान का कहना है कि कम्पोजिट विद्यालय कंदवा के निलंबित प्रभारी प्रधानाध्यापक धीरज सिंह के इशारे पर ब्लाक की शिक्षा व्यवस्था को चौपट किया जा रहा है। ग्राम प्रधान ने बीएसए से इस मामले की जांच कराके झूठी रिपोर्ट दिए जाने के मामले में कार्रवाई की मांग की है। उधर ग्रामीणों में इस बात को लेकर अब चर्चा तेज़ हो गई है कि आखिरकार निलंबित प्रभारी प्रधानाध्यापक धीरज सिंह को किस अधिकार से बीआरसी नारायणपुर में दखल देने की खुली छूट दे उन्हें पुचकारा जा रहा है?

टूटने का नाम ही नहीं ले रही निलंबित प्रभारी प्रधानाध्यापक और खंड शिक्षा अधिकारी की जुगलबंदी

आखिरकार बेसिक शिक्षा विभाग की ऐसी कौन सी मजबूरी है जो नारायणपुर ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय कंडवा के निलंबित प्रभारी प्रधानाध्यापक धीरज सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी नारायणपुर की जुगलबंदी टूटने का नाम ही नहीं ले रही है। निलंबन के बावजूद इसी ब्लॉक में उन्हें बनाए रखना, सारे नियम कायदे-कानून की धज्जियां उड़ते हुए देख ऐसा प्रतीत होता हैं धीरज सिंह के आगे सरकार के कायदे कानून व्यवस्था और बीएसए के अधिकार भी बौना साबित हो रहें हैं। यही नहीं अभी तक निलंबित प्रभारी प्रधानाध्यापक खंड शिक्षा अधिकारी के सभी ग्रुपों में मैसेज का आदान-प्रदान भी करते हुए आ रहे हैं और तो और शिक्षकों के प्रशिक्षण को भी संचालित कर रहे हैं। यह तो समझ से परे है की आख़िर ऐसी कौन सी मजबूरी बेसिक शिक्षा विभाग की है जो निलंबित प्रभारी प्रधानाध्यापक को इस ब्लॉक में बनाए रखे हुए हैं?

युवती से छेड़खानी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने मुख्य अभियुक्त को तीन और सहयोगी को 15 घंटे में दबोचा

जौनपुर। थाना गौराबादशाहपुर क्षेत्र में शौच के लिए गई एक युवती से छेड़खानी के मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। मुख्य अभियुक्त सलमान पुत्र इस्तेयाक को घटना के तीन घंटे के भीतर और सह अभियुक्त उजैफा पुत्र आज़ाद को 15 घंटे के अंदर हिरासत में ले लिया गया। पुलिस के अनुसार, घटना 28 जून को हुई जब पीड़िता के परिजन द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना गौराबादशाहपुर में मु0अ0सं0 140/25 अंतर्गत धारा 75 (1), 351(2) बीएनएस व 3(2)(1ए) एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के क्रम में उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह तथा उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए पहले मुख्य अभियुक्त सलमान (निवासी बसही, थाना देवगाँव, आजमगढ़, वर्तमान पता: चोरसंड, जौनपुर) को उसके घर से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान वह उत्तेजित होकर विरोध करने लगा, जिसके बाद रात करीब 9:30 बजे उसे पकड़ लिया गया। इसके पश्चात सह अभियुक्त उजैफा पुत्र आज़ाद (निवासी चोरसंड) को भी अगली सुबह करीब 9:10 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत विधिक कार्रवाई हेतु थाने लाया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में शामिल रहे उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह हेड कांस्टेबल शिवबदन पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि पीड़िता को हरसंभव न्याय दिलाया जाएगा और मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

तीन वांछित आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

जौनपुर। जिले में अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए सरायख्वाजा पुलिस ने मारपीट और आगज़नी जैसे संगीन अपराध में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे 24 घंटे के विशेष अभियान के तहत की गई। घटना 27 जून की रात करीब 9 बजे की है। ग्राम तरसावां निवासी रामराज अपनी मिठाई की दुकान बंद कर छोटे भाई सुवास चंद्र और बेटे सत्यम के साथ घर लौट रहे थे, तभी पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही सचिन, प्रिंस, साहिल और एक अन्य रवि यादव ने रास्ते में लाठी-डंडों से सुवास व सत्यम पर हमला कर दिया। न सिर्फ उन्हें गंभीर रूप से घायल किया गया, बल्कि उनकी मोटरसाइकिल को तोड़ने के बाद हमलावरों ने मिठाई की दुकान में आग भी लगा दी। जिससे दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। हमले के बाद चारों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। आज सुबह लगभग 5:45 बजे लपरी चौराहे पर रात्रि गश्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह व उनकी टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि तीनों आरोपी कोइरीडीहा चौराहे पर मौजूद हैं। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

भामाशाह के देश-प्रेम से लोगों को लेनी चाहिए प्रेरणा : दिनेश टंडन

जौनपुर। उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन की अध्यक्षता में सुतहट्टी बाजार स्थित जिला कैंप कार्यालय पर भामाशाह जयंती पर व्यापारी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। दिनेश टंडन सभी व्यापारियों का स्वागत करते हुए कहा कि व्यापारियों के प्रेरणा स्रोत भामाशाह की जयंती पर लोगों को भामाशाह के देश प्रेम से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिन्होंने अपने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी ने संयुक्त रूप से कहा कि 29 जून को उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में घोषित किया इसके लिए व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करता है। दानवीर भामाशाह अपने देश की रक्षा के लिए मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप जी का सहयोग करते हुए अपने संपूर्ण धन का प्रयोग देश हित में दान दे दिया ऐसे महानायक को देश कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने महाराणा प्रताप को 25000 सैनिकों का सारा खर्च 12 वर्षों जितना होगा उतने रुपए का दान किया था। प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनकर एवं युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष संतोष अग्रहरि ने संयुक्त रूप से भामाशाह जयंती की बधाई देते हुए सभी व्यापारियों को एकजुट रहकर देश हित में कार्य करने के लिए कहा और दानवीर कर्ण से भामाशाह की तुलना किया तथा सभी व्यापारियों को उनके बताए रास्ते पर चलने के का आग्रह किया। संगोष्ठी में जिला महामंत्री रामकुमार साहू, नगर महामंत्री मुन्ना लाल अग्रहरि, मनोज कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा, संतोष साहू बच्चा, मधुसूदन बैंकर विजय अग्रहरी, शाहिद मंसूरी, गुलज़ारी लाल गुप्ता, हफिज शाह, आशीष गुप्ता, डी.के. अग्रहरि, अभिषेक सेठ, आशीष कुमार, विजय राज यादव, ज्ञानेंद्र साहू, अरविन्द जायसवाल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री मनोज कुमार साहू ने किया। सभी व्यापारियों का आभार नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने व्यक्त किया।

भामाशाह की जायंती कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

हजरत इमाम हुसैन के कर्बला पहुंचने का जिक्र सुनकर अजादारों की आंखे हुई नम

जौनपुर। इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में मोहर्रम के तीसरे दिन अजमेरी मोहल्ला स्थित मुफ्ती अनवार हैदर एडवोकेट के इमामबाड़ा में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को खिताब करते हुए आज़मगढ़ से आये मौलाना सैय्यद मोहम्मद हसन आब्दी ने कहा कि दो मोहर्रम के दिन ही इमाम हुसैन का काफिला करबला पहुंचा था, जिसमें बूढ़े, बच्चे, औरतें और जवान शामिल थे। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक नए साल की शुरुआत मोहर्रम के महीने से होती है। इस अवसर पर धर्मगुरु मौलाना सै सफदर हुसैन ज़ैदी, मुफ्ती अनवार हैदर, सै मो मुस्तफा, नैय्यर आज़म, मौलाना सै मोहसिन, नजमुल हसन नजमी, सै मो. हसन नसीम, डा. अली जौहर आज़म, कायम आब्दी, इसरार हुसैन, अनवारुल हसन, नजमुल हसन, असलमदार, अरूश, दानिश अब्बास, हैदर हुसैन, साजन खान सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

चंदवक बाजार को नगर पंचायत बनाने की मांग

बरैछामोड़। जनपद से सुदूर स्थित तीन जनपदों से संबंध रखने वाला चंदवक बाजार को अब नगर पंचायत बनाने की आस को जनता आखिर कब तक झेलती रहेगी। विकास के अनुसार चन्दवक बाजार तीन जिलों आजमगढ़, गाजीपुर व वाराणसी को जोड़ती है। यहां से व्यापारी आजमगढ़, गाजीपुर के साथ-साथ वाराणसी से हमेशा कारोबार करते रहते हैं यहां पर तीन जिलों के व्यापारी आते जाते हैं लेकिन आजादी के अमृत काल में भी जन प्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण अब तक नगर महापालिका तो दूर नगर पंचायत का दर्जा हासिल करने में कोसों दूर रह गया है जिससे बाजार सहित आसपास के गांव का विकास अवरुद्ध हुआ है। चंदवक बाजार में लगभग 7:30 हजार मतदाताओं के साथ-साथ लगभग 11000 जनसंख्या का भार ढो रहा है फिर भी नगर पंचायत का दर्जा पानी में पिछड़ा है। यदि इस बाजार को नगर पंचायत का दर्जा हासिल हो जाता तो आसपास की गांव का भी विकास का पंख लग जाता वैसे देखा जाए तो चंदवक बाजार का क्षेत्रफल भी काफी बड़ा है। चंदवक बाजार में थाना, ब्लॉक, डाकघर के साथ ही सुलभ शौचालय भी उपलब्ध है। यहां के जितने जनप्रतिनिधि चुनकर संसद व विधानसभा में गए सभी ने इस बाजार को नगर पंचायत का दर्जा दिलवाने में हमेशा पीछे रहे हैं। इन दोनों एक किसान नेता ने भी कभी ध्यान इस ओर नहीं गया। केवल किसानों के बीच रहकर जगह-जगह सरकार के प्रति विरोध प्रदर्शन करते हैं। कभी भी नगर पंचायत को लेकर धरना विरोध प्रदर्शन करते नहीं देखा गया। ग्राम पंचायत के परिसीमन के साथ-साथ चन्दवक बाजार का परिसीमन करा कर इस बाजार को भी नगर पंचायत का दर्जा दिया जाए जिससे विकास कार्य हो सके।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर किया पौधरोपण

जौनपुर। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रविवार को जौनपुर विधानसभा के जौनपुर दक्षिणी वार्ड में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की एकता और अखंडता के लिए जो बलिदान दिया। उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत आज विशेष पौधरोपण हुआ आने वाली पीढ़ियों को यह कार्यक्रम हरियाली का संदेश देने के साथ देशभक्तों के बलिदान की याद दिलाएगी। पौधरोपण सभी का सामाजिक दायित्व है। भविष्य की सुरक्षा के लिए सभी कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल की अपील की। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम सिर्फ पर्यावरणीय पहल नहीं, भावनात्मक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी नागरिकों से अभियान में जुड़ने की अपील की। जिला महामंत्री सुशील मिश्र ने भी एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधा रोपित किया। इस पावन अवसर को पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बताया। पूर्व विधायक सुषमा पटेल ने कहा कि'एक पेड़ माँ के नाम' सिर्फ एक पर्यावरणीय अभियान नहीं, यह भावनात्मक और नैतिक जिम्मेदारी है। हमें न केवल पौधे लगाने हैं, बल्कि उन्हें संरक्षित भी करना है। इस मौके पर भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह, भाजपा महामंत्री सुशील मिश्र, भाजपा नेता विवेक सिंह राजा, डा. अंजना सिंह, रत्नाकर सिंह, डा. प्रदीप तिवारी, अजित सिंह, धर्मेंद्र यादव, शशि प्रकाश सिंह, श्यामराज सिंह पूर्व पुलिस अधीक्षक राममोहन सिंह, कृषि वैज्ञानिक रवि गोपाल सिंह, मुन्ना सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता बिंद, राहुल पवन, पंकज गुप्ता, सहित आदि लोग रहे।

ट्रेन से कटकर महिला की मौत

जौनपुर। वाराणसी सुल्तानपुर रेलवे प्रखंड स्थित श्री कृष्णा नगर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आ जाने से वृद्ध महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने लाश को कब्जे में लिया और पंचनामा भर पोस्ट के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि बदलापुर थाना क्षेत्र के उदयपुर घाटमपुर गांव निवासी कुसुम देवी उम्र लगभग 52 वर्ष पत्नी रामपति प्रजापति शनिवार रात्रि श्री कृष्णा नगर रेलवे स्टेशन के पास किसी ट्रेन की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लिया और आगे की कार्रवाई करने में जुट गई। हालांकि परिजनों को जब जानकारी हुई तो मानो कोहराम मच गया

निर्भय पटेल ने समाजवादी पार्टी की ली सदस्यता

जौनपुर। पूर्व मंत्री वंश नारायण पटेल के पुत्र निर्भय पटेल ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने के बाद निर्भय पटेल ने केराकत विधायक तूफानी सरोज के आवास पर पहुंचकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर तूफानी सरोज ने निर्भय पटेल का स्वागत करते हुए कहा कि पीडीए की कतार बहुत मजबूत होगी और हम आपके साथ हर कदम खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि निर्भय पटेल के समाजवादी पार्टी में शामिल होने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी और क्षेत्र की जनता के लिए बेहतर काम करने में मदद मिलेगी कहा कि निर्भय पटेल के समाजवादी पार्टी में शामिल होने से पार्टी को एक मजबूत और अनुभवी नेता की प्राप्ति हुई है। तूफानी सरोज ने कहा कि निर्भय पटेल के साथ मिलकर हम क्षेत्र की जनता के लिए बेहतर काम करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। निर्भय पटेल ने कहा कि वह समाजवादी पार्टी की नीतियों सिद्धांतों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं वह पार्टी के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा से काम करेंगे कहा विधायक तूफानी सरोज के प्रेरणा से यह अवसर मुझे प्राप्त हुआ है उनके आशीर्वाद से क्षेत्र की जनता की सेवा करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर सांसद प्रिया सरोज सहित कई वरिष्ठ पार्टी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने निर्भय पटेल का पार्टी में स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व अध्यक्ष को किया गया सम्मानित

जौनपुर। रासमंडल मोहल्ले स्थित भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर में रविवार को हुए षोडशोपचार पूजन, आरती और भव्य भंडारे ने श्रद्धा और समर्पण की अनुपम मिसाल पेश की। भगवान श्री जगन्नाथ, बहन देवी सुभद्रा और भाई बलभद्र के विग्रह का भव्य पूजन वैदिक विधियों से सम्पन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता मुख्य यजमान हरदेव सिंह, नीलम सिंह, रोहन सिंह, तुषित गुप्ता, देव दीक्षित और प्रियांशी दीक्षित ने की। समस्त अनुष्ठान डा. रजनीकांत द्विवेदी के पावन निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस आयोजन के दौरान एक विशेष क्षण तब आया जब राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी राकेश श्रीवास्तव को आयोजन समिति द्वारा विशेष योगदान एवं सेवा भाव के लिए सम्मानित किया गया। डा. रजनीकांत द्विवेदी के निर्देशन में समिति के अध्यक्ष शशांक सिंह 'रानू', महामंत्री शिवशंकर साहू एवं संयोजक राजेश गुप्ता, श्याम मोहन अग्रवाल सहित समस्त पदाधिकारियों ने पुष्पमाला, अंगवस्त्र और स्मृति-चिह्न भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। सम्मान समारोह में चारों ओर तालियों की गूंज और श्रद्धा का सागर उमड़ पड़ा। राकेश श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों में सेवा का अवसर मिलना जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

डा. सोनेलाल पटेल की जयंती को लेकर हुई बैठक

जौनपुर। अपना दल एस पार्टी जिला कार्यालय वाजिदपुर में रविवार को पार्टी के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती को लेकर एक बैठक हुई। मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने संस्थापक के चित्र पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि ने कहा कि डॉ. सोनेलाल के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए लखनऊ में जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आगामी दो जुलाई को अपने-अपने क्षेत्र से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लखनऊ में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में शामिल होने का आह्वान किया। बताया कि पार्टी की स्थापना और सामाजिक न्याय व समानता के लिए किए गए संघर्ष को इस दिन को यादगार बनाया जाएगा। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल दो जुलाई को इस बार संगठन विस्तार एवं पार्टी को उत्तर प्रदेश 2027 के मिशन पैगाम के साथ कुछ नई घोषणाएं कर सकती हैं। पूरे प्रदेश से इस श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में कम से कम एक लाख लोगों की पहुंचने की संभावना है। कहा कि जिस प्रकार से कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में उत्साह है इससे लगता है कि यह श्रद्धांजलि सभा एक ऐतिहासिक कार्यक्रम सिद्ध होगा। मौके पर अनिल जायसवाल, शिवमाली, राजेश माली, विनोद माली, मंगरु प्रजापति, राकेश श्रीवास्तव, चंदन पटेल, संजय निषाद, लाल प्रताप कनौजिया आदि रहे। अध्यक्षता सदर विधानसभा अध्यक्ष शशांक श्रीवास्तव ने की।

भगवान जगन्नाथ के भव्य भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

रथयात्रा समिति के अथक प्रयासों से हुआ दिव्य आयोजन, भक्ति में डूबा रहा नगर

जौनपुर। नगर के रासमंडल मोहल्ले में स्थित भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर में रविवार की सुबह आस्था और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। प्रभु श्री जगन्नाथ, बहन देवी सुभद्रा और भाई बलभद्र के पावन विग्रह का वैदिक रीति से षोडश उपचार पूजन सम्पन्न हुआ। यह दिव्य अनुष्ठान श्रद्धा और शास्त्रीय विधि के साथ प्रमुख यजमान हरदेव सिंह, नीलम सिंह, रोहन सिंह, तुषित गुप्ता, देव दीक्षित और प्रियांशी दीक्षित द्वारा श्रद्धापूर्वक सम्पन्न किया गया, जिसमें मार्गदर्शन डॉक्टर रजनीकांत द्विवेदी का रहा। पूजन के उपरांत भगवान को भोग स्वरूप कढ़ी-भात, मालपुआ, शाही खीर तथा मौसमी सब्ज़ियाँ अर्पित की गईं। मंदिर प्रांगण वातावरण भक्तिरस में डूबा रहा, जब श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी और जय जगन्नाथ के जयकारों से गगन गुंजायमान कर दिया। इसके बाद भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कढ़ी-भात का प्रसाद वितरित किया गया। रथयात्रा समिति के अध्यक्ष शशांक सिंह रानू, महामंत्री शिवशंकर साहू, संयोजक राजेश गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव दादा, महेश जायसवाल, दयाशंकर निगम, आशीष यादव, मनोज मिश्रा, राजन, शैलेंद्र मिश्रा, स्वयं यादव, संतोष साहू, जगदीश सेठ, संजय गुप्ता, आशुतोष मिश्र, अनिल, गणेश अस्थाना आदि ने पूरी निष्ठा से व्यवस्थाओं का संचालन किया। इस पावन अवसर पर मंत्री गिरीश चंद्र यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह, पूर्व कर्मचारी नेता राकेश कुमार श्रीवास्तव, श्याम मोहन अग्रवाल, डा. एमएम वर्मा, देव दीपावली समिति के अध्यक्ष निशाकांत द्विवेदी, आशीष गुप्त 'आशु', रवीन्द्र अग्रहरि, प्रदीप सिंह रिंकू, अतुल सिंह, गणेश साहू, मोहन वैश्य, डा. वी.एस. उपाध्याय, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, मनीष देव मंगल, मोतीलाल यादव, संतोष सिंह वत्स, डा. ब्रजेश शुक्ला, संतोष त्रिपाठी, जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह, लायन क्षितिज, जयकृष्ण साहू, दिलीप सिंह, विष्णु सहाय, विपिन अग्रवाल, डा. विकास रस्तोगी समेत अनेक गणमान्य श्रद्धालुओं ने पूजन एवं भंडारे में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे आयोजन की सफलता में सहभागी सभी सेवाभावी कार्यकर्ताओं के प्रति मंदिर ट्रस्टी संतोष गुप्ता ने आभार व्यक्त किया और सभी के सहयोग से भविष्य में भी इसी भक्ति भाव से आयोजनों के संकल्प को दोहराया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि सामाजिक समरसता और समर्पण का भी अद्भुत उदाहरण बना। जनपद की धरती एक बार फिर भगवान जगन्नाथ के रथयात्रा महोत्सव में भक्ति, सेवा और श्रद्धा से सराबोर हो उठी।

शहर कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी गठित

जौनपुर। 29 जून को शहर कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नई कार्यकारिणी में कुल 52 सदस्यों को ज़िम्मेदारी दी गयी है। शहर कांग्रेस की ओर से जारी की गई कार्यकारिणी में ज़ैद सिद्दीक़ी कोषाध्यक्ष अश्वनी मौर्या, अमित मौर्या, शाहनवाज़ मंज़ूर, अबुज़र शेख़ सहित 9 सदस्यों को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं फैसल यासीन, अमित यादव सहित 12 कांग्रेसियों को महासचिव चुना गया है। इसके अलावा प्रवक्ता पद की ज़िम्मेदारी एडवोकेट अभिनव सिंह सनी को दी गई है। साथ ही 29 कार्यकर्ताओं को सचिव पद की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। शहर अध्यक्ष आरिफ खान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संस्तुति के बाद शहर कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया है। शहर कांग्रेस की नई कार्यकारिणी गठित होने पर आरिफ़ खान ने समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि मुझे आशा नहीं पूर्ण विश्वास है सभी पदाधिकारि ज़िम्मेदारी के साथ कांग्रेस पार्टी को मज़बूती प्रदान करेंगे और जन जन तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने का कार्य करेंगे।

डाक्टर संतोष कुमार गिरि बने जिला उपाध्यक्ष

केराकत। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जौनपुर जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व में कई महत्वपूर्ण पदों पर विराजमान रहे डाक्टर संतोष कुमार गिरि को जिला कांग्रेस कमेटी जौनपुर का जिला उपाध्यक्ष व जफराबाद प्रभारी बनाया गया है। आपको बताते चलें कि डाक्टर साहब केराकत तहसील क्षेत्र के थानागद्दी खर्गसेनपुर के निवासी हैं। जिला उपाध्यक्ष और प्रभारी बनाये जाने की सूचना मिलने पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में काफी संख्या में लोगों ने जिला उपाध्यक्ष डा. संतोष कुमार गिरि को फूल मालाओं से उनका स्वागत किया गया। और एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा खूब नारे लगाए गये। हमारा नेता कैसा हो डाक्टर संतोष कुमार गिरि जैसा हो, डाक्टर साहब आप संघर्ष करो हम सब आपके साथ हैं के नारों से गूंज उठा खर्गसेनपुर बाजार। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एवं जफराबाद प्रभारी डाक्टर संतोष कुमार गिरि ने कहा कि मीडिया के माध्यम से मैं सर्व प्रथम धन्यवाद देता हूं अपने संघर्ष शील, निर्भीक प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को जो आपने मुझपर भरोसा करके जो ये नई जिम्मेदारी दी है। मैं कोशिश करूंगा कि इस पद की गरिमा को बनाए रखते हुए पूरे इमानदारी से निष्ठा पूर्वक पार्टी की सेवा करता चला जा रहा हूं और आखरी सांस तक करूंगा।

राज्यमंत्री ने महिला को दिया प्रमाणपत्र

जौनपुर। खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव रविवार को धरनीधर निवासी रामबिशुन मौर्या जिनका मकान निर्माण श्रमिक का कार्य करते हुए एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। आज उनके आवास पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पहुंच कर उनकी पत्नी हीरामनी देवी को निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना के अंतर्गत रूपए 5.25000 (पांच लाख पच्चीस हजार) की धनराशि सीधे खाते में दिए जाने का प्रमाण पत्र दिया। ज्ञात हो कि रामबिशुन मौर्या का कुछ दिन पूर्व अहियापुर में एक मकान के निर्माण कार्य करते समय छत से गिर जाने के कारण मृत्यु हो गई थी। मृत्यु की जानकारी के उपरांत राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मृतक के परिवार के यहां संवेदना व्यक्त करने गए थे, उसी दौरान उनको पता चला कि मृतक का श्रमिक कार्ड भी है। उन्होंने तत्काल श्रम आयुक्त को फोन करके मृतक का श्रमिक योजना के तहत मदद करने के लिए कहा उसी के क्रम में आज राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव के परिवार के यहां पहुंचकर उनकी पत्नी हीरामनी देवी को निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना के अंतर्गत रूपए पांच लाख पच्चीस हजार रुपए (525000) का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर साथ में सहायक श्रम आयुक्त देवव्रत यादव, प्रतिनिधि अजय सिंह, मनीष श्रीवास्तव, राजेश मौर्या, जितेन्द्र सिंह व धर्मेंद्र मित्रा साथ में मौजूद रहे।

महिला को प्रमाण पत्र देते राज्यमंत्री गिरीश यादव।

रक्तदान किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान : डा. संदीप मौर्य

जौनपुर। लायन्स क्लब मेन द्वारा रक्तदान शिविर स्थान शिवांश ब्लड बैंक कुत्तूपुर तिराहा पर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रयागराज से आये मंडल ब्लड डोनेशन चेयरपर्सन पंकज महेश्वरी ने किया। संयोजक व संस्था के पूर्व अध्यक्ष डा. संदीप मौर्य ने स्वयं रक्तदान करके अन्य लोगों को भी रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। कुल 31 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंकज महेश्वरी ने कहा कि इस सत्र में सबसे अधिक रक्तदान शिविर लगाने और लोगों से रक्तदान कराने मे लायन्स क्लब मेन मंडल में प्रथम स्थान पर रहा। आगे उन्होंने लोगों से अपील करते हुए रक्तदान में स्वैच्छिक सहभागिता की अपील की। कहा- रक्तदान एक सच्चा उपहार है, जिसे आप दूसरों की ज़रूरतों पर दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि खून एक ऐसी चीज है जिसे बनाया नहीं जा सकता। इसकी आपूर्ति का कोई विकल्प भी नहीं है। एक बार रक्तदान से आप चार लोगों की जिन्दगियां बचा सकते हैं। सभी को बढ़चढ़ कर रक्तदान करना चाहिए। डा. संदीप मौर्य ने कहा कि किसी का जीवन बचाने के लिए रक्तदान करना जरुरी है। रक्तदान महादान है, इसे जीवनदान के बराबर माना जाता है। रक्तदान न केवल अन्य व्यक्ति के जीवन को बचाता है, बल्कि यह रक्त देने वाले को स्वस्थ बनने में भी मदद करता है, इसलिए यह दोनों के लिए फायदेमंद है। आइए, हम सभी रक्तदान कर महादानी बनें। आपका रक्त जरूरतमंदों को सांसें और उनके परिजनों की खुशियां लौटा सकता है। इस अवसर पर अध्यक्ष सीए राजेश राज गुप्ता, संजय केडिया, सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, डा. चन्द्रकला मौर्य, दिलीप गुप्ता, योगेश साहू, रंजीत सिंह, रामकुमार साहू, मो सलमान, अनुराग, राकेश कुमार, सूरज, वाहिद, अंकित, सारांश, अभिषेक, अमन, विजय बहादुर, कमलेश, पवन कुमार, परवेज़, विकास विवेक, संजय मिथिलेश आदि उपस्थित रहे।

घर में घुसकर की पिटाई, महिला सहित चार घायल

जौनपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के पॉलिटेक्निक उमरपुर हरिबंधनपुर मुहल्ला निवासी सोनकर बस्ती सुभाष सोनकर 42 वर्ष गीता देवी 60 वर्ष कुणाल 12 वर्ष विकास 21 वर्ष दबंगों ने घर में घुसकर लाठी डंडा सरिया से हमला कर सभी को घायल कर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक रविवार दोपहर लगभग 1:00 बजे बच्चों के विवाद में पड़ोसी ने लाठी डंडा लोहे की राड से घर में घुस कर मार पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया और आगे की कार्यवाही करने में जुट गई है।

दुनिया में ज्ञान के समान कुछ भी पवित्र नहीं : प्रो आरएन त्रिपाठी

जौनपुर। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी नेहरू बालोद्यान के सभी शिक्षकों के लिए ओरिएन्टेशन प्रोग्राम का आयोजन 28 जून को किया गया, त्रिदिवसीय ओरिएन्टेशन प्रोग्राम के दूसरे दिन रविवार को मुख्य अतिथि तथा मुख्य वक्ता दोनों रूप में पधारे प्रो. आरएन त्रिपाठी पूर्व सदस्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने कहा कि दुनियाँ में ज्ञान के समान कुछ भी पवित्र नहीं ज्ञान से बड़ी कोई सम्पदा नहीं अर्थात अब तक संसार में उत्कृष्ट जीवन पाने का आधार ज्ञान है। शिक्षक ही ज्ञान का वह पुंज है जो अपने ज्ञान की किरणों से बच्चों को प्रकाशित करता है। उत्कृष्ट और अच्छी शिक्षा देते हुए उनका चरित्र निर्माण और भविष्य निर्माण करता है। आज सबसे बड़ी चिन्ता का विषय है कि संसार साधन बहुत बढ़ा लेकिन संवेदना खतम हो गयी आज अध्यापक का पहला धर्म है संवेदना को जगाना एक सच्चा अध्यापक अपने शिष्य के प्रति संवेदना और ममता दोनो का निर्धारण करता है तभी वह अच्छा शिक्षण कर पाता है। उन्होंने यह भी बताया कि अध्ययन और उपासना दोनों निरन्तरता की चीज है। इनमें यदि निरन्तरता नहीं रही तो अच्छा शिक्षण कर पाने में तथा बच्चों का भविष्य निर्माण कर पाने में हम सफल नहीं हो सकते। उन्होंने यह भी बताया कि अध्यापक जो भी करें पूर्ण मनोयोग से करें तभी सफलता मिलती है। क्योंकि किया पूर्ण मनोयोग से किये गये कार्य से मानक बदल जाता है, यदि मानक बदल जाता तो संस्कार बदल जाते है, कार्य बदल जाते है इसलिए शिक्षक का एक मानक है जिसे नहीं बदलना चाहिए। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथि का परिचय व स्वागत डा. सीडी सिंह प्रबन्धक नेहरू बालोद्यान, ने दिया तथा विषय को प्रस्तावित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य शिक्षा प्राप्त करके उसे व्यवहारिक जीवन में उपयोग करना होता है। बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ उनका सर्वांगीण विकास करना शिक्षक का मुख्य दायित्व होता है। कार्यक्रम का संचालन अरविन्द सिंह ने किया। सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की संचालिका डा. चन्द्रकला सिंह ने कहा हमारा उद्देश्य ही है एक अबोध बालक को सुबोध नागरिक बनाना, इसके लिए हम कृतसंकल्प है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह, नेहरू बालोद्यान सीनियर सेकेण्ड्री की प्रधानाचार्या प्रियंका सिंह, संचालिका डा. चन्द्रकला सिंह के साथ-साथ तीनो शाखाओं के सभी अध्यापक, अध्यापिका उपस्थित रहे।

प्रो. आरएन त्रिपाठी को सम्मानित करते डा. सीडी सिंह।

जॉर्जिया में डा. रॉबिन सिंह को मिला यंग एम्बेसडर मेडिक्स-दो का अवार्ड

जौनपुर। अंग्रेजी में एक कहावत है वर्दी सन ऑफ वर्दी फादर इस बात को जनपद के युवा अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रॉबिन सिंह ने चरितार्थ कर दिया और जॉर्जिया की धरती पर 22 जून को तमाम देशों के चिकित्सकों की उपस्थिति में घुटना प्रत्यारोपण विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किए गए थे जहां उन्होंने अपने वक्तव्य के दौरान विदेश की धरती पर तमाम देशों से आए चिकित्सकों को अपनी वाणी से मंत्रमुग्ध कर दिया और तीन दिवसीय सम्मेलन के अंतिम दिन विश्व प्रसिद्ध चिकित्सक निखिल जैन के हाथों सम्मानित किए गए यह पहला अवसर है जब जौनपुर का कोई युवा चिकित्सक विदेश में अस्थि रोग पर वक्तव्य देकर जौनपुर को गौरवान्वित किया। डा. रॉबिन सिंह किसी परिचय के मोहताज नहीं है फिर भी इनका परिचय विश्व रिकॉर्ड धारी ब्लड शुगर जांच के डा. हरेंद्र देव सिंह के पुत्र हैं जहां उनके पिताजी हृदय रोग पर बराबर शोध करके नई नई तकनीकी दे रहे हैं वहीं डा. रॉबिन सिंह अस्थि रोग में अपने अभिनव प्रयोग और निरंतर जटिल से जटिल ऑपरेशन करके लोगों को जीवन दान दे रहे हैं। जॉर्जिया से अपना वक्तव्य देकर जब अपनी मातृ भूमि के लिए उड़ान भरी तभी उनके शुभचिंतक वाराणसी हवाई अड्डे पर बाहर निकलते ही फूल मालाओं से लाद कर उनका स्वागत किया और जुलूस की शक्ल में जौनपुर तक लाए, जॉर्जिया से आने के बाद डा. सिंह के चिकित्सालय कृष्णा ट्रॉमा एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट सेंटर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इस बावत पूछे जाने पर उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने पिता पूर्वांचल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. हरेंद्र देव सिंह सहित जनपद वासियों को दिया।

जॉर्जिया में अवार्ड प्राप्त करते डा. राबिन सिंह।

तरुणमित्र
सोमवार,30 जून 2025
संवत- 2081, आषाढ़ शुक्ल पक्ष.- 05

ऑपरेशन सिंदूर से उभरी भारत की वैश्विक दमदार छवि

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के जवाबी हमले से पाकिस्तान के 9 एयरबेस की तबाही और लगभग 100 दुर्दांत आतंकवादी मारे जाने के बाद भारत की छवि विश्व में एक दमदार शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है। अब भारत से कई देश से अस्त्र-शस्त्र की खरीदी के लिए कतार में खड़े होते दिखाई दिए हैं। भारत ने जिस तरह ब्रह्मोस मिसाइल और ह्य400 से चीनी तथा टर्किए के 500 से ज्यादा ड्रोन तथा मिसाइल को हवा में ही ध्वस्त किया है वह अपने आप में एक वैश्विक मिसाल है।

इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मध्यस्तता का श्रेय लेने की कोशिश में लगे हुए थे किंतु भारत के कठोर रुख के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपना बयान बदलकर यू टर्न लेना पड़ा जिससे भारत की छवि और बेहतर हो गई है। भारत ने कूटनीतिक पहलकर पाकिस्तान की आतंकवादी छवि को स्पष्ट करने के लिए लगभग 60 सांसदों को विभिन्न देशों में भेज कर पारदर्शिता का एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया हैद्य भारत विश्व में अब एक बड़ी राजनीतिक,आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बन कर उभरा हैद्य भारत में वर्तमान में अपनी वैश्विक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुगुना किया हैद्य विदेशों में भारत की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर बनाने के लिए कूटनीति आर्थिक व्यापारिक समझौते तथा पाकिस्तान को युद्ध में बुरी तरह परास्त करने के बाद एक बड़ी सामरिक शक्ति बनकर उभरने के अलावा इस समय बहुत बड़ा योगदान भारत के हर क्षेत्र के डिजिटलाइजेशन का भी ज्यादा रहा हैद्य भारत में डिजिटलाइजेशन के नए आयामों को छुआ है और विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका भी निभा रहा है। इसमें दो मत नही कि वर्तमान के प्रधानमंत्री का बड़ा योगदान और ऊर्जावान, दमदार वैश्विक नेता के रूप में भूमिका रही है। पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति में खुलापन तथा विदेशी निवेशकों को भारत में आमंत्रित किया है उससे इसमें बड़े परिवर्तन की संभावनाओं इजाफा किया हैद्य भारत विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। कई वर्षों से ब्रिटिश उपनिवेश में रहने और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी जैसे बड़े रुकावटी कारकों का से जिस तरह डटकर मुकाबला कर उस से निजात पाने का प्रयास किया है वह अत्यंत उल्लेखनीय है। कोरोना कल में भारत ने अभूतपूर्व तरीके से स्वदेशी दवाइयां का एवं अन्य उपकरणों का निर्माण कर करके एक रिकॉर्ड भी बनाया है और इस पहल के परिणाम स्वरूप भारत में करोन पर प्रभावी नियंत्रण पानी में सफलता पाई थी। इसके अलावा भारत में ऐसे संक्रमण काल में स्वदेशी निर्मित मेडिकल इंजेक्शन दवाईयां तथा उपकरणों को भी विदेशी देशों को मदद पहुंचाई थी।

स्वतंत्रता मिलने के पश्चात भारत में नियोजन की नीति अपनाई तथा वर्ष 1951 में प्रारंभ पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सराहनीय प्रगति की है। वर्ष 1951 से लेकर अब तक 12 पंचवर्षीय योजनाएं क्रियान्वित की जा चुकी हैद्य वर्ष 2015 में राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान की स्थापना की गई जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में सहयोग कर रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत की खेती 1990 के पश्चात निरंतर बढ़ रही है इस दिशा में 1990 के दशक में भारत सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली उदारीकरण निजीकरण तथा वैश्वीकरण की नीति का महत्वपूर्ण योगदान भी माना जा रहा है। उक्त समय में भारत की दशा अत्यंत दयनीय थी इसके अतिरिक्त मुद्रास्फीति बेरोजगारी जैसी स्थित ने विकराल रूप धारण कर लिया था, किंतु विकास की नीति को अपनाने के पश्चात से भारत ने इन परिस्थितियों से निपटने के साथ ही आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या के उपयोग कर विश्व पटल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। भारत की विशाल जनसंख्या को आर्थिक सफलता के मजबूत स्तंभ कहा जा सकता है।

भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या का उपयोग कर उत्पादन को कई गुना बढ़ाया है। आज की स्थिति में भारत को एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में देखा जा सकता है और इसे तथाकथित भावी विश्व शक्ति चीन का सबसे ताकतवर प्रतिनिधि तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का भावी सदस्य के रूप में भी देखा जा रहा है। भारत में समय के अनुसार अपनी नीतियों तथा विकास के प्रति मानको में परिवर्तन कर निरंतर आर्थिक विकास की दर को प्राप्त करते हुए अधिकांश विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति की है। वास्तव में वर्तमान समय में भारत के ऐतिहासिक बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिससे विश्व के सभी देश किसी न किसी रूप से जुड़कर प्रभावित भी हुए हैं। 1974 उल्लेखनीय रहा है क्योंकि भारत ने पोखरण में पहला परमाणु परीक्षण किया गया इसका विरोध विश्व के तमाम विकसित देशों ने बहुत जोरदार ढंग से किया भारत को काफी मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा थाद्य वर्ष 2008 में हमारे देश और अमेरिका रूस फ्रांस ब्रिटेन तथा चीन को छोड़कर पी5 के सभी सदस्य देशों के मध्य हुए असैन्य परमाणु समझौता से यह स्पष्ट हो गया था कि अब वैश्विक पटल पर भारत की अनदेखी नहीं की जा सकती है। 2009 में भारत के प्रधानमंत्री का अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने कार्यालय में राजकीय अतिथि के रूप में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री का स्वागत करके कहा कि भारत अब एक परमाणु शक्ति संपन्न देश बन चुका है। यह भारत के छठे परमाणु संपन्न राष्ट्र के तौर पर मिली औपचारिक मान्यता ही थी। भारत यात्रा पर आए बराक ओबामा ने कहा कि भारत अब उभरती हुई परमाणु शक्ति ही नहीं है, वह स्थापित परमाणु शक्ति बन चुका है। भारत की जनसंख्या को देखते हुए भारत की क्रय शक्ति की क्षमता के मामले में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी दूरसंचार के क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है।

भारत अब विश्व में एक महत्वपूर्ण वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित होने की ओर अग्रसर है। भारत में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में अत्यधिक ख्याति प्राप्त की है, जिससे अमेरिकी विश्लेषकों के मन में भय पैदा हो गया है। भारतीय औद्योगिक घराने अंतर्राष्ट्रीय कारोबारी कंपनियों को खरीद कर दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी समूह बन गए हैं। भारतीय मूल के विदेशी उद्योगपतियों ने भारत के बाहर रहकर भी भारत की प्रसिद्धि में वृद्धि की है। इन उद्योगपतियों में इंदिरा नूई, अरुण सरीन, सबीर भाटिया, विनोद घोसला का नाम विशेष रूप से लिया जा सकता हैद्य भारत मूल के ही सलमान रुश्दी लेखक, अमर्त्य सेन अर्थशास्त्री, झुंपा लहरी लेखिका, वेंकटरमन रामकृष्णन नोबेल पुरस्कार विजेता आदि भारतीय मूल के विदेशी नागरिक विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। वर्ष 2014 में केंद्र में बनी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने अपनी पूर्ववर्ती सरकारों की तरह भारत को एक नई ऊंचाई पर ले जाने की दिशा में कार्य किया है। जिसके अंतर्गत भारत के प्रधानमंत्री ने विश्व के प्रमुख देशों जैसे अमेरिका, आस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, जापान, चीन, फ्रांस और अफ्रीकी देशों के साथ संबंधों को द्विपक्षीय वार्ता तथा विभिन्न समझौता के माध्यम से मजबूती प्रदान की है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि भारत में सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात की दृष्टि से दूसरे देशों देशों में निवेश करने के मामले में विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है।

भारत के आर्थिक विकास से इसके राजनीतिक प्रभाव में वृद्धि हुई है, इसीलिए अंतर्राष्ट्रीय मंच एवं वार्ताओं में भारत को नियमों में छूट देने की सुविधा प्राप्त हो गई। 2018 में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा विश्व आर्थिक मंच में चार दिवसीय बैठक का उद्घाटन किया जाना भारत की बढ़ती विश्व ख्याति को प्रतिबिंबित करता है। भारत इस दशक के अंत तक निसंदेह विकसित देशों के समूह में शामिल हो जाएगा और भारत की वैश्विक ख्याति में चारों तरफ वृद्धि होने की पूरी संभावना है।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009415415

चिंताजनक संकेत

दुनिया भर के दौलतमंद लोग अपने-अपने देशों को छोड़कर उन देशों में बसने की योजना बना रहे हैं जहां टैक्स का बोझ कम है, राजनीतिक स्थिरता है और जीवन की ऊंची गुणवत्ता है। हेनली एंड पार्टनर्स की ताजा रिपोर्ट में सामने आया यह तथ्य न केवल भारत, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चिंताजनक संकेत है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल करीब 1.42 लाख मिलियनेयर अन्य देशों में बसने जा रहे हैं, और 2026 तक यह संख्या 1.65 लाख तक पहुंच सकती है। चिंताजनक तथ्य यह भी है कि भारत से भी 3,500 उच्च नेटवर्थ वाले लोगों के बाहर जाने की संभावना जताई गई है। आर्थिक दृष्टि से समृद्ध लोगों का इस तरह से पलायन की कोई एक वजह हो ऐसा नहीं है। कई बार निवेश के अनुकूल माहौल नहीं मिलने की वजह से भी ऐसे लोग दूसरे देश का रुख करते हैं। देखा जाए तो इस तरह का पलायन किसी भी देश के लिए केवल आर्थिक नुकसान नहीं है, बल्कि प्रतिभा, निवेश और सामाजिक पूंजी का क्षरण भी है। इसलिए यह विषय सचमुच विचारणीय है कि आखिर कोई व्यक्ति, जिसने यहीं से संपत्ति बनाई, टैक्स दिया और प्रतिष्ठा हासिल की, अब किसी और देश को अपना स्थायी निवास बना लेना चाहता है। वस्तुतः यूएई जैसे देश जहां इनकम टैक्स नहीं है, गोल्डन वीजा जैसी योजनाएं हैं, और जहां राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिरता है, दुनिया भर के अमीरों के लिए चुंबक की तरह काम कर रहे हैं। अमरीका की ईबी-5 वीजा स्कीम भी इसी दिशा में बड़ा आकर्षण है। यह प्रवृत्ति दिखाती है कि दुनिया में केवल तकनीकी प्रतिभाओं के लिए ही नहीं, बल्कि दौलतमंदों को आकर्षित करने की दौड़ में भी देशों में प्रतिस्पर्धा होने लगी है। इस प्रवृत्ति को केवल माइग्रेशन तक ही मान लेना गलत होगा।

यह एक प्लान बी भी है, जहां अमीर लोग संभावित जोखिमों, जैसे राजनीतिक अस्थिरता, टैक्स बढ़ोतरी या आर्थिक अनिश्चितता के खिलाफ खुद को सुरक्षित करने के विकल्प खोज रहे हैं। भारत जैसे देशों के लिए यह समय आत्मनिरीक्षण का है। हमें देखना होगा कि क्या हम अपने देश में ऐसा वातावरण दे पा रहे हैं, जो न केवल प्रतिभाओं को बनाए रखे बल्कि दौलतमंदों को भी यहां निवेश और जीवन बिताने के लिए प्रेरित करे। सवाल उन लोगों से भी है जो हमारे देश में अमीरी के पायदान चढ़ने के बाद दूसरे देशों की आर्थिक समृद्धि में योगदान करने को उतारू हो रहे हैं। कर प्रणाली की सरलता, सरकारी प्रक्रियाओं की पारदर्शिता, कानून का भरोसा और जीवन की गुणवत्ता ये सब ऐसे क्षेत्र हैं जहां सदैव ही सुधार की गुंजाइश रहती है। अमीरों के पलायन का यह रुझान यूं ही जारी रहा, तो भारत जैसे उभरते राष्ट्रों के लिए 'वेल्थ आउटफ्लो' केवल आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन में पिछड़ने की वजह बन सकती है। इस पलायन को गंभीरता से लेना होगा अन्यथा पूंजी के साथ सपने भी विदेशी जमीन पर जड़ पकड़ लेंगे।

कुटुंब प्रबोधन के अभाव का दिख रहा गहरा प्रभाव



- भोलानाथ मिश्र, पत्रकार -

उत्तर प्रदेश की इटावा की दुर्भाग्यपूर्ण घटना बहुत कुछ सोचने पर मजबूर कर रही है। कथा वाचन का अधिकार मनुष्य से लेकर पशु-पक्षियों तक को है, यह सनातन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पहलू है। काग भुशुंडी इसके उदाहरण हैं। वर्तमान समय से लेकर प्राचीन काल तक के पौराणिक साक्ष्यों से यह पता चलता है कि प्रभु की चर्चा और भागवत कथा के लिए जाति का बंधन कभी नहीं था। भगवत भजन और उसके अनुसार सामाजिक व्यवहार करने का सभी को अधिकार है। इसमें न कोई छोटा है न कोई बड़ा है। ईश्वर के मार्ग में स्त्री-पुरुष का कोई भेद नहीं है। वह धर्म ही क्या जो सामाजिक समरसता की जड़ में मट्ठा डाल दे और सड़कों पर विवाद करा दे? ऐसा धर्म नहीं हो सकता। आज भागवत कथा गायन करने वाले की जाति को लेकर जो सामाजिक समरसता में खलल डालने का प्रयास हो रहा है, यह आजादी के अमृतकाल के सभ्य समाज के लिए कलंक है। इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि इसमें वोट बैंक की राजनीति शुरू हो गई है। जो काम अंग्रेज कर रहे थे, वही काम अब राजनीतिक दल कर रहे हैं। नेता यह भूल जा रहे हैं कि सत्ता बदलने से समाज नहीं बदलता। समाज बदलता है सामाजिक समरसता से, और सामाजिक समरसता आती है कुटुंब प्रबोधन से। कुटुंब ही वह पहली पाठशाला है जहां सभी प्रकार का ज्ञान परिवार में प्रैक्टिस से मिलता है। अब एक तो सरकार की गलत शिक्षा नीति और दूसरे हमारी जीवन शैली के कारण पहले जो परिवार से शिक्षण, प्रशिक्षण, संस्कार, सभ्यता और संस्कृति मिलती थी, अब उसका अभाव हो गया है।

गौरवशाली अतीत- मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म क्षत्रिय कुल में और योगेश्वर श्रीकृष्ण का जन्म यादव परिवार में हुआ। त्रेता और द्वापर युग के तमाम दृष्टांत सामाजिक समरसता और सामाजिक सौहार्द के आख्यानों से भरे पड़े हैं। श्रीराम के साथ माता सबरी, निषाद राज, केवट, सुग्रीव, जामवंत, गिद्ध जटायु, वानर, भालू और गिलहरी आदि के जुड़े सार्थक, शुद्ध और सात्विक प्रेम समरसता के सूत्र को मजबूत करने वाले हैं। योगेश्वर श्रीकृष्ण का सुदामा, मनसुखा, ग्वाल बाल और गोपियों के साथ के रिश्ते आज के समाज के लिए प्रेरक हैं। महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और डॉ. राम मनोहर लोहिया आदि के चिंतन सामाजिक सौहार्द की बुनियाद के मजबूत खंभे हैं जिस पर सामाजिक प्रेम समरसता की बुलंद इमारत टिकी हुई है। भारत के स्वाधीनता आंदोलन में इसी सामाजिक समरसता का आधार था जिससे अंग्रेजी हुकूमत की चूलें हिल गई थीं।

समय को पहचाने- 2025 के भारत के हम सभी नागरिक अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करें। आज दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध के द्वार पर खड़ी है और इसके संकेत दे रही है। यूक्रेन-रूस, ईरान-इजराइल और भारत-पाकिस्तान के बीच जो कुछ भी हुआ या हो रहा है अथवा होने की संभावना है, उससे पूरी दुनिया प्रभावित होगी। परमाणु संपन्न राष्ट्र और नाटो संगठन में यदि मानवता और आपसी सौहार्द का भाव नहीं जगता तो मानवता के लिए आसन्न संकट सभी को नजर आ रहे हैं। विवाद की जड़- विश्व की सबसे बड़ी समस्या इस समय आतंकवाद है। आतंकवाद की जड़ में धर्म और संस्कृति की गलत व्याख्या है।

कश्मीर के पुलवामा में अमानवीय हत्या की गई, उसके पीछे धर्म की गलत व्याख्या ही थी। इजराइल और ईरान के बीच जो हो रहा है, उसका आधार भी अपनी-अपनी मान्यताएं ही हैं। समाधान परिवार से तमाम लोगों को यह बात अटपटी लग सकती है कि परिवार से इतनी बड़ी समस्या का समाधान कैसे हो सकता है? दरअसल, परिवार हमारे समाज की एक ऐसी इकाई है जहां कुटुंब प्रबोध के माध्यम से विश्व शांति के लिए संदेश दिया जाता है। सत्यनारायण भगवान की कथा हो या कोई यज्ञ हो, सभी अवसरों पर सामूहिक उदघोष किया जाता है। 'विश्व का कल्याण हो' 'प्राणियों में सदभावना हो' 'धर्म की जय अधर्म का नाश हो। यह नहीं कहा जाता कि किस धर्म की जय हो। धर्म चाहे जो भी हो सभी की जय हो। प्राणियों में सदभावना हो। यह नहीं कहा जाता कि इस जाति में सदभावना हो। इस तरह की शिक्षा समाज और परिवार से मिलेगी तो सामाजिक समरसता मजबूत होगी।

...आज का दिन...

मेष- ग्रहस्थिति अनुकूल, विचारित योजना का कार्यान्वयन, धन लाभ का सुअवसर, दाम्पत्य जीवन संतोषजनक, प्रेम संबंध में अत्यधिक प्रगाढ़ता।

वृषभ- मनोबल में कमी, सामयिक सिद्धि का प्रयास असफल, दूसरों की गलतफहमी से हानि की आशंका, विवाद की स्थिति, धनोपार्जन में व्यवधान।

मिथुन- दिन शुभ, पारिवारिक उलझनें समाप्त, व्यवसाय में परिश्रम के अनुरूप सफलता, उच्चाधिकारियों से सहयोग, अध्यावसाय में रुझान, यात्रा सफल।

कर्क- वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, इच्छाशक्ति का विकास, सामाजिक कृत्यों से यश की प्राप्ति, जिम्मेदारियों को निभाने में व्यय, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी।

सिंह- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, धन संचय में प्रवृत्ति, उन्नति का मार्ग प्रशस्त, जीवनसाथी से सहयोग, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त।

कन्या- कार्यों में व्यतिक्रम, सुख शांति का अभाव, लाभ में गतिरोध, किये जा रहे प्रयास में व्यवधान, मित्रों से तकरार की आशंका, पदोन्नति में बाधा।

तुला- आर्थिक पक्ष में परिश्रम के अनुकूल सफलता, वरिष्ठजनों की सलाह लाभप्रद, पठन-पाठन में रुचि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, यात्रा सुखद।

वृश्चिक- कार्य-व्यवसाय में उन्नति का सुयोग, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, मंगल आयोजन सम्पन्न, पारिवाकि उत्तरदायित्व की पूर्ति, राजनीतिक लाभ।

धनु- विचारित योजना का कार्यान्वयन, बकाए धन की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, राजनैतिक गतिविधियों में अभिरुचि, मंगल आयोजन सम्पादित, यात्रा सुखद।

मकर- भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, आर्थिक नुकसान, सब कुछ होते हुए भी अकेलेपन की अनुभूति, वैचारिक स्थिरता।

कुम्भ- बुद्धि चातुर्य से कुछेक मसला हल, पारिवारिक हर्षोल्लास, धन संचय में रुचि, आत्मिक शांति, आनन्द की अनुभूति, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त।

मीन- कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में लाभ, योजना साकार होने की ओर, राजकीय पक्ष से अनुकूलता, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, राजनैतिक कृत्यों में संलग्न।

-: श्री विमल जैन :-
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

चंदौली

दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया

ज्यादा टैक्स जमा करने वाले व्यापारी बंधु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हुए सम्मानित

तरूणमित्र न्यूज

चन्दौली। जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग की अध्यक्षता में दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस को "व्यापारी कल्याण दिवस" के रूप में कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने व्यापारी बंधुओं एवं उपस्थित लोगों को दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस (व्यापारी कल्याण दिवस) की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। कहा कि भामाशाह का योगदान न केवल उनके समय में बल्कि आज भी प्रासंगिक है। उनकी दानशीलता, त्याग और देशभक्ति के मूल्य हमें यह सिखाते हैं कि हम अपने समाज और देश के प्रति कैसे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकते हैं। भामाशाह के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज और देश के हित में काम करना चाहिए। उनकी यह उदारता और देशभक्ति प्रेरणादायक है और हमें सिखाती है कि अपने राष्ट्र और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियां कितनी महत्वपूर्ण हैं। भामाशाह ने यह सिद्ध किया कि सच्चा देशभक्त वही है जो अपने देश के लिए सब कुछ न्योछावर कर सके। भामाशाह न केवल एक महान दानी थे बल्कि वे एक कुशल प्रशासक और योद्धा भी थे। उन्होंने अपनी बुद्धिमानी और रणनीति से मेवाड़ राज्य को मजबूत किया और इसे मुगलों के आक्रमण से बचाया। उन्होंने अपने आर्थिक संसाधनों का उपयोग न केवल युद्ध में बल्कि राज्य के विकास और प्रगति के लिए भी किया।

जनपद स्तर पर सर्वाधिक जीएसटी देने वाले व्यापारी बंधुओं को अंगवस्त्र एवं मेडल प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में हम सभी यही उम्मीद करते हैं कि जनपद में व्यापार की तेजी से वृद्धि हो, और प्रदेश स्तर पर जीएसटी देने में जनपद चंदौली अव्वल रहे। वर्तमान सरकार और स्थानीय प्रशासन व्यापारियों को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि उनके व्यवसाय सुचारू रूप से चल सकें। उन्होंने कहा कि व्यापारी बंधुओं की कोई समस्या/सुझावों को संबंधित विभाग तत्परता से निस्तारण करें और यह सुनिश्चित करें कि व्यापारी बंधुओं को किसी भी तरह की जिला प्रशासन से आवश्यकता होती है तो उसका समाधान समय से सुनिश्चित किया जाय। लखनऊ से आयोजित कार्यक्रम में मा0 मुख्यमंत्री जी की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का लखनऊ से लाइव प्रसारण देखा एवं सुना गया।

साथ ही जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में लोक गीत के माध्यम से दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य दिलीप सोनकर, मुख्य विकास अधिकारी आर जगत साईं, जिला विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला पर्यटन अधिकारी नितिन द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग अधिकारी, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, जीएसटी विभाग के अधिकारी गण एवं व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

महिलाओं एवं बलिकाओं को वितरित किये गये टेम्पलेट व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों से कराया गया अवगत

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत आदित्य लांग्हे, पुलिस अधीक्षक जनपद चन्दौली के निर्देशन में आज दिनांक 29.06.2025 को जनपद चन्दौली के समस्त थानों की मिशन शक्ति दीदी द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज-5 के तहत सरकार द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे:- डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि के विषय में जानकारी देकर जागरुक किया गया।

तीन अवैध शराब तस्कर गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। आदित्य लांग्हे, पुलिस अधीक्षक के अवैध शराब तस्करी पर प्रतिबंध लगाने जाने हेतु लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अनन्त चन्द्रशेखर, अपर पुलिस अधीक्षक सदर (आईपीएस) व कृष्ण मुरारी शर्मा क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अलीनगर विनोद कुमार मिश्र व आरपीएफ की टीम द्वारा दिनांक 29.06.2025 को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर चेंकिंग के दौरान लोको कालोनी स्थित हनुमान मन्दिर के पास थाना अलीनगर समय करीब 09.15 बजे 03 शराब तस्करो को गिरफ्तार कर दो पिट्ठू बैग व एक झोले से 20 रायल स्टेग (प्रत्येक की मात्रा 750 एमएल अंग्रेजी शराब), 20 8 पीएम टेट्रा पैक (प्रत्येक की मात्रा 180 एमएल), 20 ब्लूलाइम देशी शराब (प्रत्येक की मात्रा 200 एमएल) व 20 सिगनेचर (प्लास्टिक के ट्रेट्रा पैक) अवैध अंग्रेजी शराब अंग्रेजी/देशी शराब बरामद किया गया जिसकी कुल मात्रा 25.8 लीटर है।

विकास के रास्ते में रोड़ा बने ग्राम प्रधान, अधिकारी भी झाड़ रहे पल्ला

तरूणमित्र न्यूज

चन्दौली। जनपद के विकाश खंड चन्दौली ग्राम हटिया मे सिर्फ विकाश का ढांचा दिखाई दिया विकाश नही यानी ढोल मे पोल बना है। हटिया हरिजन बस्ती मे रविदास मंदिर ऐन केन बन तो गया लेकिन मंदिर मे दरवाजा नही लगा जिससे कुत्ते मंदिर मे बैठ रहे है। जिला पंचायत निधि से टिन सेड लग गया है लेकिन सफाई का नामो निशान नही है।

मंदिर प्रांगण मे जाने का मुख्य मार्ग भी नही बना है जिससे आम लोगो को मंदिर तक जाने मे भारी परेशानी होती है, बारिश मे फिसलन हो जाने से बूढ़े और बच्चे गिर कर हो रे है चोटिल। सबसे अहम बात तो ये है कि अब से पहले के भी प्रधान पर आरोप मीरा देवी ने लगाया की पहले के धर्मेन्द्र प्रधान पैसा नही बल्कि अपने माध्यम से आधा मैटेरियल देकर पुरा पैसा निकाल लिये जिससे मकान जहा का तहा ही रह गया।

वही स्याम विहारी और सरिना ने आरोप लगाया कि हम झोपडी मे अपने परिवार के साथ जिवन वसर कर रहे है हमे आज तक आवास के जगह सिर्फी आस्वाशन ही मीला गांव मे पानी के निकास के लिये आधा अधुरा नाली बनाया गया है जिससे पानी का निकास नही होने से लोगो के घरो मे पानी लग जाता है। गांव के राजेंद्र बियार, पवन राम, खरपत्तू राम, प्रेमा देवी, जगवंती देवी, सरवन राम, प्रीति देवी,गुड्डु राम, प्रकाश कुमार ने सरकार से तत्काल जांच कराने के बाद उचित कार्यवाही की मांग किया है।

धानापुर पुलिस टीम द्वारा अवैध असलहे व कारतूस के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। आदित्य लांग्हे, पुलिस अधीक्षक जनपद चन्दौली द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अनन्त चन्द्रशेखर, अपर पुलिस अधीक्षक सदर (IPS) व रघुराज क्षेत्राधिकारी सकलडीहा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक धानापुर शरद गुप्ता की टीम के उ0नि0 सूरज सिंह द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना पर कुसुम्ही नहर पुलिया के पास खडे दो व्यक्तियो को समय 23.30 बजे हिरासत में लेकर तलाशी के दौरान 02 तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 312 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान 1.अनिल कुमार पुत्र कन्हैया बिन्द निवासी ग्राम कुसुम्ही थाना धानापुर जनपद चन्दौली 2.अमन यादव पुत्र मनोज यादव निवासी उमरहा थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी के रूप में हुयी।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग इसे शौकिया तौर पर रखते हैं और तमंचे के साथ फोटो वीडियो भी बनाते और लोगों को दिखाकर भौकाल बनाते हैं, जिससे लोगों में हमारी धौंस बनी रहे।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाओं की नयी क्रांति

तरूणमित्र न्यूज

चकिया, चंदौली। रोज़ा संस्थान द्वारा 'चाइल्ड राइट्स एंड यू' (CRY) के सहयोग से ग्रामीण स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। चकिया ब्लॉक के 11 ग्राम पंचायतों के 26 गाँवों से चुनी गई 26 महिलाओं को "कम्युनिटी हेल्थ मोबिलाइज़र" (CHM) के रूप में दोबारा प्रशिक्षित कर जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्त स्वरूप की नींव रखी गई है।

नेवाजगंज परियोजना कार्यालय बना बदलाव का केंद्र- इस परिवर्तनकारी प्रशिक्षण का आयोजन चकिया तहसील के नेवाजगंज स्थित परियोजना कार्यालय में किया गया, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य और पोषण जैसे गंभीर मुद्दों पर महिलाओं की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

स्वयंसेवक बनेंगी बदलाव की नायिकाएं- प्रशिक्षण प्राप्त ये महिलाएं अब अपने-अपने गांवों में स्वयंसेवी स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में कार्य करेंगी। इन्हें पोषण, मौसमी बीमारियां, नवजात देखभाल, किशोरी स्वास्थ्य, मातृ देखभाल, गर्भावस्था के चरणों, तथा महिला अधिकार जैसे अहम विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षित किया गया।

कार्यक्रम समन्वयक ऋषभ पांडेय की प्रेरणादायक प्रस्तुति- रोज़ा संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक ऋषभ पांडेय ने इन महिलाओं को बताया कि "कम्युनिटी हेल्थ मोबिलाइज़र" केवल एक पद नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा- "ग्रामीण समाज में जब महिलाएं खुद नेतृत्व करेंगी, तो स्वास्थ्य और पोषण की जड़ें और मजबूत होंगी।" उन्होंने CHM की भूमिका, कर्तव्य और संस्थागत दृष्टिकोण पर विस्तृत जानकारी दी। संध्या देवी ने दिए व्यावहारिक सुझाव- संस्थान की काउंसलर संध्या देवी ने किचन गार्डन, शुद्ध पेयजल, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से समन्वय जैसे व्यावहारिक पहलुओं को सरल और प्रभावशाली ढंग से समझाया। साथ ही संस्थान के अन्य सदस्यों- रविन्द्र कुमार, पूजा देवी, खैरुन्निषा, और सावित्री देवी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

सम्मान के साथ समापन- प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो से मिला आत्मबल- प्रशिक्षण के समापन पर सभी 26 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल उनके योगदान की सराहना थी, बल्कि उन्हें भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए आत्मबल भी प्रदान करता है। इन महिला नायिकाओं ने लिया संकल्प- इस मौके पर कौशल्या, मीरा, शीला, गायत्री, सरिता, सरोज, निर्मला, राधिका, सोनी, सलेहा, अर्चना सहित सभी 26 महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे गांव-गांव जाकर स्वास्थ्य और पोषण की ज्योति जलाएंगी।

नेपाली बाग में युवक की मिली लाश, हत्या की आशंका

वाराणसी। शिवपुर थाना क्षेत्र के नेपाली बाग में किराए के मकान में रहने वाले 40 वर्षीय विकास रावत का शव उसके कमरे में फ्रिज के पास मिला। सिर में हल्की चोट है। मौके से साथ रह रही उसकी दूसरी पत्नी रिया अपने 10 साल की बेटी के साथ भाग गई थी। दूसरी पत्नी और अन्य परिजन रिया पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मौके पर डीसीपी वरुणा जोन प्रमोद कुमार और अन्य अफसर पहुंचे थे। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और दूसरी पत्नी के पकड़े जाने के बाद घटना स्थिति स्पष्ट होगी। जौनपुर के नेवढ़िया के अथेरा निवासी विजय शंकर के दो पुत्रों में बड़ा विकास की पहली पत्नी जंसा के दिनदासपुर की रीमा है।

उससे 16 साल की बेटी अंजलि, बेटे 14 साल के आयुष, 9 साल का अभिषेक हैं। होटल में कमीशन पर कमरे दिलाने का काम करता था। विकास गणेश बाग कालोनी में किराए पर पहली पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। इस बीच उसका प्रेम संबंध शादीशुदा रिया से हो गया। विकास ने रिया से शादी कर ली। इसके बाद रिया अपने 10 साल की बेटी के साथ विकास के पास आ गई। इधर, पहली पत्नी अपने दो बेटों के साथ अपने मायके रहने लगी। गणेश बाग में विकास अपनी दूसरी पत्नी, दूसरी पत्नी की बेटी और अपनी बेटी अंजलि के साथ रहता थी। इधर प्रताड़ना से तंग आकर अंजलि भी अपनी मां के पास चली गई थी। दो माह से किराए के मकान में केवल विकास, उसकी दूसरी पत्नी रिया, रिया की बेटी ही रहती थी। मकान मालिक के अनुसार अक्सर यहां दोनों शराब पीते थे। नशे में आए दिन मारपीट करते थे। शनिवार रात भी यही हुआ था। रविवार सुबह मकान मालिक प्रथम तल पर पहुंचे तो कमरे में विकास मृत पड़ा था। रिया अपनी बेटी के साथ भाग गई थी। सूचना पर पुलिस और पहली पत्नी तथा अन्य परिजन पहुंचे। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है। रिया की तलाश की जा रही है।

लिखित परीक्षा 30 जून से

वाराणसी। अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा 30 जून से 10 जुलाई के बीच होगी। सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल शैलेश कुमार ने बताया कि अलग-अलग परीक्षाओं के लिए अलग-अलग तारीख जारी है। सोमवार से परीक्षाएं शुरू होंगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वाराणसी में देवा महिला कॉलेज, पूर्णोदय महिला कॉलेज, आईएनएचसी महावीर बाजार, ऑन डिजिटल जोन आईडीजेड हरहुआ एवं आयर बाजार, डॉ. घनश्याम सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन केंद्र बनाए गए हैं। गोरखपुर में सूर्योदय ऑनलाइन, नेताजी सुभाषचंद्र बोस ऑनलाइन इग्जामिनेशन सेंटर, कैलिवर एनिमेशन एजुकेशन फाउंडेशन, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, टेक जोन, बुद्धा इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालॉजी, गाजीपुर में डाटा वर्ल्ड कंप्यूटर, इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एजुकेशन, आईसीई ब्लॉक-2 केंद्र हैं। परीक्षाएं चार शिफ्ट में होंगी। बता दें कि सेना भर्ती कार्यालय वाराणसी से इस बार 58646 आवेदन आये हैं। इसमें वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, मऊ, बलिया, आजमगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, भदोही, देवरिया, गोरखपुर के अभ्यर्थी हैं।

काशी एक्सप्रेस में खराबी, वंदेभारत समेत आधा दर्जन गाड़ियां पिटी

वाराणसी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से गोरखपुर जा रही काशी-दादर एक्सप्रेस का पेंटो शनिवार दोपहर टेढ़ा हो गया। इससे इंजन में ओएचई वायर (ओवरहेड इक्विपमेंट) से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इससे ट्रेन कैंट स्टेशन के काशी छोर स्थित यार्ड में डेढ़ घंटे खड़ी रही। रेलकर्मियों ने पेंटो को तार और रस्सी से बांधा। इसके बाद पायलट ने दूसरे पेंटो के सहारे ट्रेन बढ़ाई। इसका असर प्लेटफार्म नम्बर एक से पांच तक से आने-जाने वाली ट्रेनों पर भी पड़ा। नई दिल्ली-वाराणसी वंदेभारत बनारस स्टेशन पर 40 मिनट खड़ी रही। वहीं, यह ट्रेन आधे घंटे देर से 3.30 बजे नई दिल्ली रवाना हुई।

लखनऊ से आई इंटरसिटी की शंटिंग नहीं हो पाई। इससे यह बहराइच 1.45 लेट रही। ज्ञात है कि लखनऊ इंटरसिटी ही बहराइच इंटरसिटी बनकर जाती है। उधर, दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस को काशी में आधे घंटे, छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को वाराणसी सिटी में डेढ़ घंटे, हावड़ा-जम्मूतवी हिमगिरि को बाबा अवधूत राम हाल्ट पर आधा घंटा रोका गया। दरअसल, काशी-दादर एक्सप्रेस शनिवार दिन में 1 बजे प्लेटफार्म नम्बर-5 पर पहुंची। 10 मिनट बाद रवानगी पर रोलिंग हट पार करते ही इंजन का पेंटो टेढ़ा हो गया। ओएचई से पेंटो के सहारे ही इंजन को बिजली मिलती है। इंजन में दो पेंटो होते हैं। लोको पायलट के मुताबिक ओएचई ढीला होने से पिछला पेंटो टेढ़ा हो गया। मौके पर परिचालन, लोको, बिजली विभाग के कर्मियों समेत आरपीएफ के एसआई जीडी शाह भी पहुंचे। बिजली की मेन सप्लाई बंद कराई गई। पेंटो को खोलकर इंजन के ऊपर ही तार और रस्सी से बांधा गया। इस दौरान तेजी बारिश से काम में बाधा आई। हालांकि दोपहर 2.50 बजे ट्रेन रवाना कर दी गई। वंदेभारत का दरवाजा खुलते ही चढ़ने लगे यात्री नई दिल्ली से 48 मिनट देर से दोपहर 2.48 बजे पहुंची वंदेभारत एक्सप्रेस में सवार होने के लिए लोगों में आपाधापी रही। सफर पूरा करने वाले अभी उतर भी नहीं पाए थे कि लोग चढ़ने लगे। असहज स्थिति देखकर आरपीएफ इंस्पेक्टर संदीप कुमार यादव मातहतों के साथ पहुंचे और यात्रियों की मदद की। स्टेशन डायरेक्टर अर्पित गुप्ता के निर्देश पर यात्रियों की सहूलियत के लिए ट्रेन के दरवाजे खुले ही रखे गए।

बाबू शिवप्रसाद गुप्त जैसे लोग करते हैं युग निर्माण

वाराणसी। सेवाज्ञ संस्थानम् और काशी विद्यापीठ के ललित कला विभाग की तरफ से शनिवार को विद्यापीठ के संस्थापक बाबू शिव प्रसाद गुप्त की 142वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर आयोजित संगोष्ठी में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु ने कहा कि उनके जैसे व्यक्ति युग निर्माण करते हैं। राष्ट्रपिता द्वारा उन्हें 'राष्ट्ररत्न की उपाधि दिया जाना उनके योगदानों को दर्शाता है। संगोष्ठी की अध्यक्षता विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एके त्यागी ने की। ललित कला विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि बाबू शिवप्रसाद गुप्त की जीवन दृष्टि में भारतीय संस्कृति, स्वतंत्रता और समाज सेवा का विलक्षण समन्वय था। धन्यवाद कार्यक्रम संयोजक डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने 'साइकिल यात्रा पर पुस्तक का भी विमोचन किया। विद्यापीठ के शिक्षाशास्त्र संकाय में भी राष्ट्ररत्न बाबू शिवप्रसाद गुप्त की जयंती मनाई गई। इस दौरान छात्रसंघ के पूर्व उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश गुप्ता, शिवजनक गुप्ता, अनंत यादव, राहुल, विशाल गुप्ता, अमरनाथ, किशन मौर्य, विवेक आदि उपस्थित रहे। वहीं, विद्यापीठ के पंत प्रशासनिक भवन में कुलपति और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने बाबू शिवप्रसाद गुप्त के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया।

पति से विवाद के बाद ट्रेन से कटी गर्भवती महिला

वाराणसी। शिवपुर रेलवे स्टेशन पर ब्रिज के समीप शनिवार सुबह करीब 10 बजे 25 वर्षीय गर्भवती महिला ने मालगाड़ी के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान चंदौली के गोरखा (धीना) निवासी कष्णा कुमार की पत्नी 25 वर्षीय मंजू यादव के रूप में हुई। मंजू 15 दिन से बड़ी बहन रेखा के घर भरलाई में आई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आत्महत्या से पहले मंजू मोबाइल फोन पर किसी से झगड़ रही थी और जोर-जोर से कह रही थी, 'आज मैं तुझे मौत का मतलब बताऊंगी। इसके बाद उसने मोबाइल प्लेटफॉर्म पर रख दिया और ट्रेन के सामने कूद गई। बहन ने बताया कि मंजू की शादी 5 वर्ष पहले कृष्णा से हुई थी। पति कृष्णा यादव दिल्ली में काम करता है और शराब पीकर अक्सर मंजू के साथ मारपीट करता था। इस वजह से बहन तंग आकर एक माह पहले मायके आजमगढ़ के गंभीरपुर चली गई थी। 15 दिन पहले वह उसके घर आई थी। शनिवार सुबह पति का फोन आया और दोनों के बीच विवाद हुआ था। झगड़े के बाद वह गुस्से में घर से बाहर निकल गई और कुछ ही देर में यह घटना हो गई। मंजू को ढाई साल का बेटा है। वह पांच बहनों और एक भाई में चौथे नंबर की थी। जीआरपी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वेंडिंग जोन में दस से अधिक दुकानें न हों : सीपी

वाराणसी। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने शनिवार को यातायात व्यवस्था के लिए प्रस्तावित अस्थाई वेंडिंग जोन का निरीक्षण किया। अशोक विहार कॉलोनी पहड़िया, शिवपुर बाजार, दीनदयाल अस्पताल के बाउन्ड्रीवॉल के किनारे, कांशीराम आवास, नरिया से करौंदी मार्ग, लहरतारा फ्लाईओवर के नीचे भ्रमण किया। कहा कि वेंडिंग जोन में 10 से अधिक दुकानों या ठेले की अनुमति न हो। उन्होंने कहा कि जिन ठेलों या दुकानों को अनुमति दी जाए, उनकी चौड़ाई 04 फीट से अधिक न हो। चरित्र सत्यापन के बाद ही अनुमति मिले। प्रत्येक ठेला या दुकान अपनी अनुमति को प्रदर्शित करेगा। ठेला या दुकान में आगे समान रखकर या कुर्सी आदि डालकर अतिक्रमण न किया जाए। ठेलों के आसपास अराजकतत्व एकत्रित न हों। मादक या प्रतिबन्धित पदार्थों की बिक्री न हो। अनुमति अस्थायी दी जाए ताकि शर्तों का पालन न करने या भविष्य में वेंडिंग जोन से यातायात अवरुद्ध होने पर उसे समाप्त किया जा सके। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय) शिवहरि मीणा, पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन प्रमोद कुमार, एडीसीपी नीतू कादयान मौजूद रह

महिलाओं की क्षमता को तराशने की जरूरत

वाराणसी। महिलाओं में अपार क्षमता एवं संभावनाएं होती हैं। उन्हें पहचानने और तराशने की जरूरत है। बालिका से युवती बनने का समय किसी भी नारी के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दौर होता है। इसमें आपको अपने शरीर, सौंदर्य, रोमांस, कॅरियर तथा जीवन के अन्य भावनात्मक पहलुओं के झंझावात से गुजरना पड़ता है। ऐसे में सही मार्गदर्शन और दृढ इच्छा शक्ति आपके जीवन को सही दिशा में मोड़ सकती है। ये बातें जिला कार्यक्रम अधिकारी डीके सिंह ने कहीं। वह शनिवार को बालिकाओं के लिए आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि थे। डॉ. शम्भुनाथ सिंह रिसर्च फाउंडेशन, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं महिला कल्याण विभाग के सहयोग से सेंट्रल जेल रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यशाला में उन्होंने कहा कि एक गलत निर्णय आप को बर्बादी के रास्ते पर भी ले जा सकता है।

उन्होंने प्रतिभागियों को यूपी पुलिस के महिला एवं बाल संगठन प्रकोष्ठ की ओर से संचालित मिशन शक्ति सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीशचंद्र दुबे ने अपने विभाग से जुड़ीं योजनाओं के बारे में बताया। क्षेत्रीय सेवा योजन कार्यालय के रोजगार मेला प्रभारी दीप सिंह ने रोजगार पोर्टलों पर पंजीकरण, विभिन्न आयोगों, चयन बोर्ड की परीक्षाओं और रोजगार मेला की जानकारी दी। महिला कल्याण विभाग के सेंटर फॉर वीमेन हब की कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका राय एवं रेखा श्रीवास्तव ने भी विचार रखे। समापन सत्र के मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं वाराणसी मंडल के उपनिदेशक (महिला कल्याण) पंकज कुमार मिश्र ने कहा कि वास्तव में लैंगिक भेदभाव के पीछे संपत्ति के अधिकार की प्रबल भावना है। संयोजन एवं संचालन परियोजना प्रबंधक राजेश कुमार सोनकर तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रोली सिंह ने किया।

करंट के झटके से पिकअप से गिरा मजदूर, मौत

वाराणसी। जाल्हूपुर बाजार (चौबेपुर) में पिकअप पर लदे भूसे के ऊपर चढ़ा मजदूर हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से झुलसकर नीचे गिर पड़ा। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वह भूसे के ऊपर रखे बर्तन उतारने के ढाले पर चढ़ा था।

चंदौली के भरुहिया (बबुरी) का 32 वर्षीय श्यामबली पासवान पिकअप पर भूसा लादकर जाल्हूपुर आया था। उसके साथ अन्य मजदूर भी थे। खाना बनाने के लिए बर्तन भूसे के ऊपर रखे थे। सड़क किनारे पिकअप खड़ी कर श्यामबली बर्तन उतारने के लिए ढाले पर चढ़ा। इस बीच हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। करंट का झटका लगने से वह झुलसकर नीचे गिर पड़ा। इससे साथी मजदूरों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन उसे जिला अस्पताल गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव लेकर जाल्हूपुर आये और पुलिस को सूचना दी। चौकी प्रभारी दिलीप सिंह मौके पर पहुंचे और शव कब्जे में ले लिया। श्यामबली के चचेरे भाई संजय कुमार ने पुलिस को घटना के बाबत तहरीर दी।

काशी में जल संरक्षण का संदेश देंगे शिव

वाराणसी। काशी के दुर्गाकुंड स्थित क्षेत्रपालेश्वर महादेव मंदिर में बनाई जा रही भगवान शिव की ध्यान मूर्ति जल संरक्षण का संदेश देती नजर आएगी। हरिद्वार की विशाल शिवमूर्ति की इस लघु प्रतिकृति में शिव की जटाओं से निकलने वाली गंगधार की एक-एक बूंद संचित करने की व्यवस्था की गई है। दूसरी खास बात यह कि मंदिर के पुजारी वर्ष में दो बाद गंगोत्री और त्रिवेणी संगम से गंगा जल लाएंगे जो मूर्ति की जटाओं से प्रवाहित होती दिखेगी। नगर के वरिष्ठ मूर्ति शिल्पी अभिजीत विश्वास ने भगवान शिव की यह मूर्ति बनाई है। इसमें भगवान शिव ध्यानावस्था में कैलाश पर्वत पर बैठे दिख रहे हैं।

निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अब सिर्फ रंग-रोगन का कार्य ही शेष है। अभिजीत विश्वास ने बताया कि काशी में अपने तरह की यह इकलौती कृति है। भगवान शिव की मूर्ति के नीचे जल संचय के लिए एक टंकी बनाई गई है। इसमें लगी पाइप से गंगोत्री और त्रिवेणी संगम का जल भगवान शिव की जटा से निकलता दिखेगा। यह जल प्रतीकात्मक कैलाश पर्वत पर गिरेगा। पर्वत के निचले हिस्से को ऐसे घेरा गया है कि इसमें गिरने वाला जल पुनः टंकी में चला जाएगा और वही जल पुनः शिव की जटाओं से बाहर आएगा। मंदिर के पुजारी पं. परमानंद पाठक ने बताया कि वह 24 वर्षों से लगातार प्रत्येक चैत्र और शारदीय नवरात्र में गंगोत्री की यात्रा पर जाते हैं। अब वह जाएंगे तो वहां से बड़े गैलन में गंगोत्री का जल लाएंगे। लौटते समय प्रयाग संगम का जल भी लेकर आएंगे। उन्होंने बताया कि सावन के प्रथम सोमवार पर 14 जुलाई को मूर्ति की चल प्रतिष्ठा कराई जाएगी। ताकि भविष्य में किसी कारण से मूर्ति को उसके स्थान से हटानी पड़े तो कोई धार्मिक बाधा न हो। इस अवसर पर 15 जुलाई को विशाला भंडारा भी होगा।

आधुनिक निवेश जानकारी की गई साझा

वाराणसी। म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन की आमसभा में शनिवार को आधुनिक निवेश माध्यमों की बारीकियों से रूबरू कराया गया।

होटल ताज में जुटे म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स के बीच संवाद और उनका मार्गदर्शन किया गया। निप्पोन इंडिया एसेट मैनेजमेंट के प्रेसिडेंट एवं चीफ बिजनेस ऑफिसर सौगाता चटर्जी ने कहा कि इस मंच का मुख्य उद्देश्य निवेशकों को म्यूचुअल फंड जैसे आधुनिक निवेश माध्यमों के बारे में जानकारी देना है। व्हाइट ओक कैपिटल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और सीईओ आशीष पी. सोमैया ने कहा कि निवेश शिक्षा को बढ़ावा देना और एक समर्पित पारदर्शी वितरक समुदाय को संगठित करना है। आज वाराणसी में म्यूचुअल फंड का कुल एएमयू लगभग 17,000 करोड़ तक पहुंच चुका है, जो इस क्षेत्र में बढ़ती निवेश जागरूकता और वितरकों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन (वाराणसी) के अध्यक्ष राजीव शाह ने स्वागत भाषण करते हुए कहा कि आपके अनुभव और मार्गदर्शन से वाराणसी समेत पूर्वांचल के म्यूचुअल फंड उद्योग को नई दिशा मिलेगी। संचालन एसोसिएशन के सचिव अवनीश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर आदित्य बिरला लाइफ के प्रोडक्ट हेड आलोक कुमार, एक्सिस म्यूचुअल फंड के फंड मैनेजर आशीष नाइक, आईसीआईसीआई रीजनल हेड देवेश त्रिवेदी, पूर्व अध्यक्ष अनिल झंवर, राजेश तुलस्यान, कमोज गोयल, विष्णु प्रभाकर शुक्ला, सत्यप्रकाश अग्रहरि, विजयेंद्र दत्त दुबे, राकेश निगम, प्रशांत लखोटिया आदि थे।

पौने तीन करोड़ खर्च, 90 मीटर की सड़क अधूरी

वाराणसी। पहड़िया मंडी परिसर में 90 मीटर लम्बी आरसीसी सड़क बनाने में 2.84 करोड़ रुपये खर्च कर दिये। खास यह कि सड़क अब भी अधूरी है। शनिवार को विधानमंडल की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों से संबंधित संयुक्त समिति की बैठक में यह मामला खुला। सर्किट हाउस सभागार में सभापति पलटू राम की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान मंडी में हुए निर्माण कार्यों में घालमेल सामने आया। समिति के उपसभापति ने बताया कि मंडी परिषद ने परिसर में 90 मीटर लम्बी आरसीसी सड़क निर्माण पर 2.84 करोड़ रुपये खर्च कर दिया है, लेकिन सड़क अब भी अधूरी है।

मंडी ने सड़क पूर्ण करने के लिए 30 लाख रुपये और मांगे हैं। समिति ने बैठक में मौजूद पीडब्ल्यूडी अभियंताओं से पूछा कि आपको सड़क निर्माण करानी होगी तो कितनी लागत आएगी। अभियंताओं ने जवाब दिया कि अधिकतम 20 से 25 लाख रुपये। समिति ने इस सम्बंध में उपनिदेशक मंडी से जवाब मांगा तो वे स्पष्ट उत्तर नहीं दे सके। समिति ने उपनिदेशक को डेढ़ माह का समय दिया है। प्रावधान से ज्यादा टाइल्स पर खर्च किया सभापति ने बताया कि भवन निर्माण में टाइल्स लगाने के लिए मंडी परिषद को अधिकतम 10 लाख रुपये खर्च करने का प्रावधान है। जबकि 30 लाख रुपये खर्च कर दिए गए हैं। यह कार्य उसे ठेकेदार से कराया जिसके खिलाफ मंडी परिषद ने ही मुकदमा दर्ज कराने के बाद ब्लैकलिस्टेड किया था। बैठक में पुरानी बाउंड्रीवाल को नया दिखाकर लाखों के भुगतान का भी मामला सामने आया है। समिति ने निर्णय लिया कि रविवार की सुबह वह स्वयं मंडी में हुए विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करेगी। मंडी में साफ-सफाई, ट्रैफिक व्यवस्था का निर्देश समिति की सदस्य और मछलीशहर विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने बताया कि बैठक में मंडी परिषद तथा राजस्व से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। मंडी में साफ-सफाई, ट्रैफिक व्यवस्था, फल तथा सब्जियों की ट्रकों को नो-एंट्री के दौरान छूट देने और सुरक्षा का भी मामला आया। समिति ने एडीएम सिटी को व्यापरियों से वार्ता कर समाधान का निर्देश दिया।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

मुंगराबादशाहपुर। सतहरिया से काम करके अपने घर जा रहे मजदूर की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पवांरा थाना क्षेत्र के जखनियां गांव निवासी सत्यप्रकाश तिवारी उर्फ राम बाबू तिवारी (55) सतहरिया में किसी फैक्ट्री में काम करते हैं। 25 जून को वह फैक्ट्री से काम करके साईकिल से अपने घर की तरफ जा रहे थे। सतहरिया पुलिस चौकी के पास अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और वाहन लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी कार्यवाहक थानाध्यक्ष गंगा सागर मिश्रा को दी पुलिस टीम व स्थानीय लोगों की सहायता से सत्य प्रकाश तिवारी को सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया में भर्ती कराया गया। हालत चिंताजनक होने पर परिजनों ने प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान रविवार की सुबह मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत कार्यवाहक थानाध्यक्ष गंगा सागर मिश्रा ने बताया कि मृतक की पत्नी विटोला देवी की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

मछलीशहर। बिजली विभाग के एस डी ओ आदित्य मारकंडेय ने बताया है कि सोमवार को मछलीशहर विद्युत केंद्र में ब्रेकर और कंट्रोल पैनल बदलने का काम किया जायेगा जिसके कारण तहसील क्षेत्र में प्रातः 9 बजे से शाम सात बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लेंगे। उन्होंने असुविधा के लिए उपभोक्ताओं से खेद व्यक्त किया है।

भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात, किया पौधरोपण

तरुणमित्र न्यूज

मछलीशहर। भाजपा सेक्टर संयोजक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व आम लोगों ने पूर्व महामंत्री राजन सिंह के आवास पर पीएम मोदी के मन की बात सुनी। मछलीशहर मंडल में प्रत्येक बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने मन की बात कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

मछलीशहर मंडल के कुरनी में पौधारोपण करते भाजपा कार्यकर्ता।

उक्त कार्यक्रम का आयोजन कुरनी बूथ पर सेक्टर संयोजक विपिन सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंडल अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी अभिषेक सिंह ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया व उनके जीवन काल पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात पूर्व महामंत्री राजन सिंह के आवास पर पीएम मोदी के मन की बात सुनी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने योग दिवस पर बात की और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफलता का जिक्र किया योग दिवस की सफलता पर लोगों को बधाई दिया। इसके साथ ही उन्होंने आपातकाल के 50 वर्ष होने पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी में लोकतंत्र की हत्या की गई और भारत के लोगों को परेशान किया गया। इसके बाद सेक्टर कुरनी के बूथ संख्या 64, 65 व 66 कुरनी, 90 निजामुद्दीनपुर व 91 पहसना पर एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण कियागया। इस दौरान हर बूथ पर फलदार व छायादार दस दस पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष हैप्पी सिंह, स्वमीनाथ, सुनील मौर्या, शशि प्रकाश तिवारी व सतीश सिंह, राहुल अग्रहरि, हैप्पी सिंह, उद्धव सिंह, अमित गुप्ता, शुभम बारी, राहुल सिंह, उमाशंकर सिंह, अब्दुल अली, धनिश सिंह, अमित सिंह (रिक्की), इश्तियाक अली, धर्मेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

एक वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बरसठी। पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर डॉक्टर कौस्तुभ के आदेशानुसार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बरसठी प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव के निर्देशन में उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह कांस्टेबल संदीप पटेल के द्वारा न रमेश पुत्र रामकैलाश निवासी ग्राम बसहरा थाना बरसठी जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त सम्बन्धित न्यायालय भेज दिया गया

वारण्टी गिरफ्तार

मछलीशहर। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा में फरार चल रहे गैर जमानती वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने बताया कि उप निरीक्षक राहुल रंजन एवं सिपाही आशीष साहनी ने रविवार को न्यायालय एसीजेएम द्वितीय जौनपुर द्वारा जारी एन0बी0डब्लू से संबंधित वारण्टी करन पुत्र महेन्द्र निवासी पुरानन्दलाल थाना मछलीशहर को घर से सुबह 06.25 बजे गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

सूचनाः- सूचित किया जाता है कि हम प्रार्थी लालता प्रसाद चौबे निवासी ग्राम रामीपुर, पोस्ट तियरा, थाना सिंगरामऊ, जिला जौनपुर का निवासी हूं। मेरे बड़े पुत्र सन्तोष कुमार चौबे का चाल चलन ठीक न होने के कारण उसे आठ वर्ष पहले अलग कर दिया था। यदि उसके द्वारा कोई असंवैधानिक कृत्य किया जा रहा है तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थीः- लालता प्रसाद चौबे ग्राम- रामीपुर, पोस्ट- तियरा थाना- बदलापुर, जिला- जौनपुर

अदालती नोटिस

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा आर्डर 5 कायदा 1 व 5 बअदालत सिविल जज (सी0डि0) चन्दौली, बमुकदमा नम्बर 556 सन् 2023 ई0 1.माजदून निशा उम्र लगभग 70 वर्ष पत्नी स्व0 मजीवुल हक 2.माइनुल हक 3.महफुजुल हक 4.नजीवुल हक वयस्क पुत्रगण स्व0 मजीवुल हक सभी निवासीगण मौजा भिसौड़ी परगना राल्हूपुर तहसील पी.डी.डी.यू. नगर, जनपद चन्दौली।....वादीगण बनाम-1.शोभनाथ शिवबदन उम्र लगभग वर्ष पुत्र शिवधनी निवासी मौजा भिसौड़ी परगना राल्हूपुर तहसील पी.डी.डी.यू. नगर, जनपद चन्दौली। 2.आफताब आलम खां वयस्कपुत्र अब्दुल खां निवासी मं0नं0619ए प्लान डिपो कालोनी मुगलसराय परगना मवई मुगलसराय जनपद चन्दौली 3.श्रीमती कान्ता देवी वयस्क पत्नी गोपाल दास निवासी म0नं041 सिन्ध नगर मुगलसराय जनपद चन्दौली 4.धीरज वयस्क 5.लक्ष्मण वयस्क 6.राजेश वयस्क पुत्रगण मोहनदास 7.भारती देवी वयस्क पत्नी मोहनदास 8.इम्तियाज खान वयस्क पुत्र शहबाज खान सभी निवासीगण मौजा बहादुरपुर परगना मवई तहसील मुगलसराय, जनपद चन्दौली। 9.जरीना बीबी वयस्क पतनी कमरअली निवासी सरैया वाराणसी हाल पता चैनपुर परगना राल्हूपुर तहसील मुगलसराय जनपद चन्दौली 10.मदीना बीबी पत्नी एकलाक निवासी सरैया वाराणसी 11.कोजैफा बीबी वयस्क पत्नी मु0 हारू निवासी दीनदयालपुर नक्खीघाट वाराणसी 12.रूकसाना बीबी पत्नी अब्दुल मदीन निवासी कोनियां कज्जाकपुरा वाराणसी 13.गुलजार अहमद वयस्क पुत्र स्व0 फारूख निवासी हनुमान फाटक वाराणसी 14.मु0 आरिफ कलाम वयस्क पुत्र कासिम निवासी चैनपुर परगना राल्हूपुर तहसील मुगलसराय जनपद चन्दौली। 15.जेहरा बीबी वयस्क पत्नी वकील अहमद निवासी जैतपुरा वााराणसी 16.शमीम वयस्क पुत्र नसीमुद्दीन निवासी भिसौड़ी जनपद चन्दौली। 17.रियाज अली वयस्क पुत्र हैदर अली निवासी राजापुरा जैतपुर वाराणसी 18.सिराज वयस्क पुत्र अमरूला निवासी ग्राम भिसौड़ी परगना राल्हूपुर तहसील पी.डी.डी.यू. नगर, जनपद चन्दौली।...प्रतिवादी बावजह हो कि आपके नाम एकनालिष बाबत दाखिल हुआ है लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता हाजिर होकर जो कुछ उज्र हो आज तारीख 17 माह 07 सन् 2025 ई0 ववक्त 10 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करे वरना आपके खिलाफ एक तरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा। वसीका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज दिनांक 30 माह 05 सन् 2025 ई0 को जारी किया गया। आज्ञा से-न्यायालय

कोर्ट में पेशी से गैर हाजिर चल रहे तीन वारंटी गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज

खेतासराय। क्षेत्र के अलग अलग गांवों से रविवार को विभिन्न मामलों मे वांछित चल रहे तीन वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

पुलिस हिरासत में वारंटी।

थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया की अब्बोपुर गांव निवासी पलट पुत्र बहादुर वही पाराकमाल गाँव निवासी विक्रम पुत्र झगडू व सम्पत पुत्र झगडू को न्यायालय से कई बार नोटिस के बाद भी हाजिर नहीं हो रहे थे। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के साथ उप निरीक्षक अनिल कुमार पाठक, हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार यादव, कांस्टेबल दिनेश यादव, अंकुश सिंह, शुभम त्यागी समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

जंघई बाई पास निर्माण के लिए चला बुलडोजर, अतिक्रमण ढहाया

जंघई। मछलीशहर से वाराणसी जा रही एनएच 731बी के लिए बन रहे जंघई वाई पास निर्माण के लिए चौका गांव में बाधा बन रहे भवनो को बुलडोजर लगाकर पुलिस की मौजूदगी मे अतिक्रमण ढहाया गया।

मछलीशहर से वाराणसी के लिए डेढ साल पहले एनएच 731वीं का निर्माण 640 करोड़ की लागत से कार्य शुरू कराया गया था जिसके तहत जंघई मे 8 किमी लम्बा जंघई बाईपास बनना था लेकिन चौका गाँव के ग्रामीण बाईपास निर्माण का विरोध कर रहे थे जिसको लेकर एनएच विभाग कई बार मांपी कराकर जमीन चिन्हाकन कराकर नोटिस चस्पा करा चुका था लेकिन लोग जमीन छोड़ना नही चाह रहे थे रास्ते बाधा बन रही एक निजी अस्पताल के मालिक कोर्ट जाकर समय

अतिक्रमण हटाते जेसीबी।

लिया था जिसका समय पूरा होने के बाद रविवार को एनएच अवर अभियन्ता ओपी प्रसाद, स्वास्तिक कन्ट्रक्शन कम्पनी के लायजनिंग मैनेजर अनिल राय पुलिस की मौजूदगी मे चौका मोड़ पर पहुंच कर निर्माण की जद में आ रहे भवन को बुलडोजर चलवाया। अब जंघई वाई पास की निर्माण की बाधा दूर हो गयी है। डीपी सिंह एक्सइन एनएचआई कहना है की चौका गाँव के लोग काफी दिन से वाई पास निर्माण मे व्यवधान उत्पन्न कर रहे थे आज सभी को सन्तुष्ट करके अतिक्रमण को हटवाया गया। बाईपास निर्माण कार्य जल्दी पूरा कराया जायेगा।

सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करना पड़ा भारी, गिरफ्तार

सुजानगंज। क्षेत्र के बाहर पुर गांव निवासी अजय यादव उर्फ सुगन पुत्र विजय बहादुर यादव द्वारा कांवड़ यात्रा को लेकर सोसल मीडिया पर एक अभद्र टिप्पणी की गई थी जिसको लेकर लोगों ने सोसल मीडिया (X) पर पुलिस अधीक्षक जौनपुर को शिकायत की जिसको संज्ञान में लेते हुए सुजानगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को एक घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लीया। इस संदर्भ में पूछे जाने पर थाना अध्यक्ष सुजानगंज यजुवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही तय हमारी टीम द्वारा इस आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया तथा विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सीमा सिंह ने किया पौधरोपण

पौधरोपण करती नगर पंचायत अध्यक्ष बदलापुर सीमा सिंह।

बदलापुर। बदलापुर नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को गतिदेते हुये रविवार को प्राथ मिक विद्यालय भलुआही में बूथ संख्या 114 पर नीम का पौध लगाकर लोगों को जागरूक किया। तत्पश्चात अध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण के संतुलन के लिये वृक्ष लगाना जरूरी है। इस अवसर पर हरी लाल मोदनवाल, पंकज सिंह, दिलीप जायसवाल, सचिन सिंह, पीयूष मिश्रा, पवन उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

मोहर्रम को देखते हुए साफ-सफाई का लिया जायजा

जौनपुर। नगर पंचायत केराकत के मोहल्ला शेखजादा प्रथम वार्ड के सभासद पति प्रतिनिधि राजेश गुप्ता ने मोहर्रम को देखते हुए वार्ड में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और वार्ड वासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।

इस दौरान सभासद पति राजेश गुप्ता ने कहा कि मैंने अपने वार्ड के सफाई कर्मचारी को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे और कचरा कहीं भी न दिखे खास तौर से मोहल्ला शेखजादा प्रथम वार्ड में स्थित शिया इमामबाड़े के इर्द-गिर्द साफ सफाई पर ध्यान दिया जाए। कहीं भी यदि गन्दगी दिखी तो खैर नहीं। सभासद पति प्रतिनिधि राजेश गुप्ता ने कहा कि मेरे वार्ड की जनता मेरे लिए देव तुल्य है इसी का नतीजा है कि आज कई वर्षों से अपना आशिर्वाद देते हुए मुझे अपने वार्ड की सभासद पद की जिम्मेदारी दी है। मेरे वार्ड की जनता के लिए मेरा दरवाजा हमेशा खुला है कहीं भी कभी भी जहां पर भी मेरे लायक यदि कोई सेवा है तो मुझे बतायें आप लोगों की सेवा के लिए मेरा दरवाजा हमेशा खुला है। सभासद पति ने बताया कि वार्ड में साफ-सफाई के सम्बन्ध में मेरे द्वारा नगर पंचायत कार्यालय में भी सम्बंधित जिम्मेदार लोगों से भी कह दिया गया है।

विपक्षी को नोटिस

न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय, वाराणसी मुकदमा नं0 412 सन् 2024 ई0 साक्षी सिंह बनाम प्रशान्त कुमार सिंह वगैरह, धारा-12 घरेलू हिंसा अधि0 थाना-भेलूपुर ता0 पेशी-14.07.2025 बनाम-6.सन्तोष कुमार सिंह पुत्र विरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम सुरतापुर पोस्ट चहनिया थाना बलुआ जिला चन्दौली। चूंकि आपकी उपस्थिति 12 घरेलू हिंसा अधि0 अपराध के आरोप के उत्तर देने के लिये आवश्यक है अतएवं आपको एतद्वारा आदेश दिया जाता है कि स्वंय/अधिवक्ता द्वारा उपर्युक्त न्यायालय के समक्ष सन् ई0 2025 के 07 मास के 14 दिवस को उपस्थित हो, ऐसा करने मे त्रुटि न हो। सन् 2025 ई0 05 के 22 दिवस को दिनांकित। आज्ञा से-न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय, वाराणसी।

अवादा फाउंडेशन के तत्वाधान में 176 मेधावी छात्रों को दी गई साइकिलें

■ जब गांव के होनहार बच्चों को समाज का साथ मिलता है, तभी समावेशी विकास साकार होता है: एके शर्मा

■ हमें गर्व है कि हम इन बच्चों के सपनों को गति दे पा रहे हैं: चेयरमैन

वितरण कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों व अभिभावकों को संबोधित करते ऊर्जा मंत्री एके शर्मा।

तरुणमित्र न्यूज़

घोसी (मऊ)। घोसी नगर के मझवारा मोड़ स्थित जूनियर हाईस्कूल के प्रागंण प्रतिभा सम्मान समारोह व साइकिल वितरण का कार्यक्रम अवादा फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित किया गया। अवादा फाउंडेशन ने मऊ के 36 गाँवों के 176 मेधावी छात्रों को साइकिलें भेंट कीं। अवादा फाउंडेशन द्वारा 36 गाँवों के 176 होनहार छात्रों को साइकिलें प्रदान की गईं, ताकि वे बिना रुकावट के अपनी शिक्षा जारी रख सकें। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने स्वयं इन छात्रों को सम्मानित किया।

एके शर्मा ने कहा कि "जब गांव के होनहार बच्चों को समाज का साथ मिलता है, तभी समावेशी विकास साकार होता है। अवादा जैसे संस्थानों का योगदान इसी बदलाव की नींव है।" अवादा फाउंडेशन की डायरेक्टर श्रीमती ऋतु पटवारी ने कहा- "इन साइकिलों में रफ्तार ही नहीं, सम्मान भी है" अवादा ग्रुप के चेयरमैन विनीत मित्तल ने कहा "हमें गर्व है कि हम इन बच्चों के सपनों को गति दे पा रहे हैं। ये साइकिलें शिक्षा की दिशा में एक और मजबूत कदम हैं- जिससे न केवल छात्र, बल्कि पूरा समाज आगे बढ़ता है।" अवादा फाउंडेशन देश के 20 राज्यों में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, पर्यावरण और रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन के क्षेत्र में कार्य कर रही है। केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही तीन लाख से अधिक लाभार्थियों तक पहुँच बनाई है।

उत्तर प्रदेश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गोद लिए गए वाराणसी के जयापुर और नागेपुर गाँवों में, विगत आठ वर्षों से अवादा फाउंडेशन शिक्षा एवं सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। वहीं सोनभद्र जैसे दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में भी फाउंडेशन ने साइकिल वितरण, टेबलेट वितरण, और कम्प्यूटर शिक्षा के माध्यम से प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया है। इस अवसर पर अवादा ग्रुप के प्रोजेक्ट हेड एवं अवादा फाउंडेशन की पूरी टीम भी उपस्थित रही। अवादा फाउंडेशन शिक्षा, पर्यावरण और सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रही है, और लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय, पूर्व ब्लाक प्रमुख कोपागंज सर्वेश राय, गिरीश नारायण राय, अखिलेश तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, पूर्व मण्डल अध्यक्ष घोसी रविन्द्र उपाध्याय, मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र मद्देशिया, अतुल शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

उत्पीड़न पर एकजुट होकर लड़ाई लड़ेंगे

तरुणमित्र न्यूज़

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम खैराबाद बाजार में ग्रामीण चिकित्सक सामाजिक संगठन के पदाधिकारी की एक बैठक रविवार को संपन्न हुई बैठक में चिकित्सकों ने प्रदेश सचिव डॉक्टर संतोष शर्मा ने बताया कि हम सब चिकित्सा अपने मान-सम्मान और हक अधिकार की लड़ाई में एक साथ ग्रामीण चिकित्सकों पर विभाग द्वारा हो रहे उत्पीड़न पर एकजुट होकर लड़ाई लड़ेंगे जिसको लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के मान सम्मान के लिए हम सभी एक हैं और आगे भी इस लड़ाई को लड़ते रहेंगे इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर एसपी सिंह ने भी अपने विचार को साझा किया इस अवसर पर डॉक्टर डी के प्रजापति डॉ. अरविंद कुमार डॉक्टर अशोक कुमार उमेश यादव राजेश मौर्य सुभाष चौहान जितेंद्र यादव राकेश तिवारी सुरेश प्रसाद अरुण राय पंकज चौहान नागेंद्र प्रजापति शौकत अली विशाल शर्मा संतोष शर्मा आदि चिकित्सक उपस्थित रहे।

समाज और राष्ट्र की प्रगति भाजपा का लक्ष्य: ऋषिकांत राय

◆ किसान सहकारी चीनी मिल संघ लिमिटेड के प्रदेश उपाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

तरूणमित्र न्यूज

दोहरीघाट, मऊ। कस्बा स्थित भाजपा के जनसंपर्क कार्यालय पर उत्तर प्रदेश दी किसान सहकारी चीनी मिल संघ लिमिटेड के प्रदेश उपाध्यक्ष चुने गए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ऋषिकांत राय का नगर में प्रथम आगमन पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ फूल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ऋषिकांत राय ने कहा कि भाजपा एक परिवार है यहां सब लोग एक समान है। यहां बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय धर्म और संस्कृति को जीवंत बनाने के लिए भाजपा जरूरी है यह एक ऐसी पार्टी है जो जाति धर्म से ऊपर सबका साथ सबका विकास के लिए कार्य करती है। भाजपा का लक्ष्य समाज और राष्ट्र की प्रगति है।

उन्होंने आगे कहा कि केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की बदौलत 2027 में प्रचंड बहुमत से भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष राय, अवधेश राय, विकास वर्मा, सुरेंद्र गुप्ता, संजय चौहान, आजाद कुमार, विनय राय, विनय जायसवाल, गुलाब गुप्ता, भास्कर निषाद, संतोष नायक, बद्री मौर्या, सतीश शाही, अजय शाही आदि लोग रहे।

वध हेतु जा रहे तीन राशि गोवंश बरामद, एक गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को थाना रामपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर काठतराव तिराहा के पास से अभियुक्त मन्नू पुत्र बसंत निवासी बनहरा थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया के कब्जे से वध हेतु ले जा रहे 03 राशि गोवंश व 01 अदद पिकअप बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 77/25 धारा 3/5ए/5बी/8 गौ हत्या निवारण अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त किया गया। बरामद पिकअप वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया।

संक्षिप्त समाचार

इमाम हुसैन की शहादत जुल्म व जबर के विरुद्ध एक सन्देश है: जावेद भारती

तरुणमित्र न्यूज़

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। जुमा के दिन से इस्लामी नया वर्ष 1447 हिजरी आरम्भ हो गया नये साल का पहला दिन शुक्रवार से शुरू हुआ मुहर्रम की पहली तारीख को अज़ीम सहाबी हज़रत उमर रज़ि. की शहादत हुई और इसी महीने की 10 तारीख को आशूरा कहा जाता है और आशूरा के दिन ही नबी स.आ.व. के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत हुई। प्रसिद्ध लेखक जावेद भारती ने एक बयान में कहा कि मुहर्रम की दस तारीख को बहुत सारे वाक़िआत हुए हैं यानी आशूरा के दिन की पहले ही से बड़ी फज़ीलत है और उसी दिन इमाम हुसैन की शहादत से आशूरा का और महत्वपूर्ण हो गया इसी वजह से मुहर्रम का चांद दिखते ही विश्व में दु:ख दर्द और रंज व गम का माहौल हो जाता है और नैहा खवानी, मजलिसों, लंगरों और सबीलों का आयोजन शुरू हो जाता है पहली मुहर्रम को हज़रत उमर रज़ि की जो शहादत हुई उन पर भी आतंकवादी प्रहार किया गया और दस मुहर्रम को हज़रत इमाम हुसैन रज़ि. पर भी करबला की धरती पर आतंकी हमला किया गया और शहीद कर दिया गया परिणाम स्वरूप आज भी हज़रत उमर और हज़रत इमाम हुसैन का नाम लिया जा रहा है और श्रद्धांजलि दी जाती है उनके मुकाम व मर्तबे का गुणगान किया जाता है जबकि करबला के कातिलों का आज भी विरोध हो रहा है उनके प्रति गुस्सा और नाराज़गी जताई जा रही है हज़रत इमाम हुसैन का नाम लिया जाना और खिराजे अकीदत पेश किया जाना इस बात का सबूत है कि हक और सच्चाई आज भी सर बुलंद है जावेद भारती ने कहा कि इमाम हुसैन की शहादत से हक बोलने और सच्चाई पर कायम रहने का जोश और उत्साह प्राप्त होता है इमाम हुसैन की शहादत के उद्देश्य को समझने की जरूरत है उनकी शहादत का यही सन्देश है कि जुल्म व जबर, अत्याचार एवं अन्याय का कभी भी समर्थन ना किया जाए और सच्चाई के रास्ते में आने वाली हर कठिनाइयों का संयम और धैर्य के साथ सामना किया जाए।

बच्चों को अच्छी शिक्षा दें: द्वारपाल जायसवाल

तरुणमित्र न्यूज़

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। नगर पंचायत के मोहल्ला सैदपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में रविवार को जायसवाल समाज के पदाधिकारी की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जायसवाल समाज के अध्यक्ष द्वारपाल जायसवाल ने समाज के लोगों से अपील किया कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें उन्हें काम के साथ-साथ सामाजिक परिवेश माता-पिता की सेवा करने छोटे बड़ों का सम्मान करने और एक जुट होने पर भी बल दिया गया जिससे वह समझ में एक दूसरे के प्रति सजग प्रहरी के रूप में खड़े होकर चलें तभी हम सब समाज को एक अच्छी शिक्षा तथा दिशा देंगे उन्होंने शिक्षा के इस परिवेश में ज्यादा से ज्यादा समाज के लोगों से आगे बढ़ाने को कहा इस मौके पर संरक्षक हरिश्चंद्र जायसवाल प्रेमचंद प्रदीप कुमार हरिप्रसाद अजीत जायसवाल दीनदयाल जायसवाल सुधीर कुमार संतोष कुमार अनिल कुमार अंशु जायसवाल आकाश जायसवाल जवाहर प्रसाद आदर्श कुमार सौरव जायसवाल आदि समाज के लोग उपस्थित रहे बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष द्वारपाल जायसवाल तथा संचालन मीडिया प्रभारी राजेश जायसवाल ने किया।

आमान अहमद की अध्यक्षता में पीडीए पर हुई चर्चा

तरुणमित्र न्यूज़

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। रविवार को स्थानीय विधानसभा के सेक्टर करहां के चक भतडी ग्राम सभा में समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेक्टरवार पीडीए चर्चा कार्यक्रम विधान सभा अध्यक्ष आमान अहमद की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष जय हिन्द यादव रामू यादव राजमन यादव अधिवक्ता आनंद कुमार सेक्टर अध्यक्ष खर्चू यादव दुर्वासा यादव अध्यक्ष अल्पसंखयक प्रकोष्ठ कमर अहमद प्रधान दिवाकर यादव तारकेश्वर यादव पवन राजभर राधेश्याम राजभर राज कुमार राजभर रामपाल राजभर पारस राजभर परमावती राजभर पुष्पा राजभर गीता राजभर कलमटी राजबर अजेश राजभर कमलेश राजभर सुदर्शन राजभर आदि सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शांतिभंग में तीन लोगों का हुआ चालान

तरुणमित्र न्यूज़

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग गांव में रविवार प्रात: जमीनी विवाद एवं लकड़ी उखाड़ने के विवाद को लेकर हुए गाली गलौज के मामले में पुलिस ने तीन लोगों का शांति भंग में न्यायालय चालान किया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदीद निवासी विशाल एवं ग्राम सूत्रही निवासी लक्ष्मी तथा ग्राम इकौना निवासी अजय यादव द्वारा जमीनी विवाद तथा अन्य मामलों को लेकर पुलिस ने तीन लोगों का शांति भंग में रविवार न्यायालय चालान किया है।

निदेशक ने भ्रमण कर जाना उद्यान विभाग की जमीनी हकीकत

उद्यान विभाग द्वारा योजनाओं को दिया जाएगा रफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। उद्यान विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जमीनी हकीकत देखने और व्यापकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश के निदेशक डॉ भानु प्रकाश राम द्वारा रविवार को जनपद मऊ में भ्रमण किया गया तथा विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान कृषकों, उद्यमियों से संवाद स्थापित किया गया। निदेशक, उद्यान द्वारा विकासखंड मोहम्मदाबाद में राम शकल के खेत पर स्थापित एक हेक्टेयर में मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति, कस्बा मोहम्मदाबाद में विश्वास गुप्ता के आइसक्रीम उद्योग, ग्राम भदेसरा, परदहा में अभिमन्यु सिंह के यहां राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में आम, अमरूद की एक हेक्टेयर जमीन पर बागवानी, संतोष कुमार सिंह के यहां हेक्टेयर में मिनी स्प्रिंकलर तथा मऊ शहर में स्थित शुभ्रा चौरसिया के खल बट्टा मसाला उद्योग का अवलोकन किया गया। निदेशक द्वारा किसानों और उद्यमियों द्वारा किए जा रहे कामों की सराहना की गई तथा बताया गया कि आइसक्रीम उद्योग और मसाला उद्योग जैसे खाद्य पदार्थों से जुड़े अनेक उद्योगों पर प्रधानमंत्री सूचना खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत रुपए 10 लाख तक की सब्सिडी दी जा रही है, इससे जहां एक व्यक्ति का रोजगार और उद्यम सृजित होता है वहीं प्रत्येक उद्यम से पांच से लेकर पच्चीस तक की संख्या में लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पा रहे हैं। निदेशक द्वारा जिला उद्यान अधिकारी को निरीक्षण के समय निर्देश दिया गया कि जनपद में इस वर्ष 700 से अधिक संख्या में खाद्य पदार्थ लघु उद्योगों की स्थापना कराई जाए तथा 500 से अधिक हेक्टेयर क्षेत्रफ़ल में माइक्रोइरिगेशन सिंचाई पद्धतियों में किसानों के खेतों पर 80 से 90 प्रतिषत तक अनुदान दिलाते हुए ड्रिप सिंचाई ,मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई और पोर्टेबल स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धतियों को अपनाने हेतु कार्यक्रम कराया जाए।

उद्यान निदेशक द्वारा अपने भ्रमण में राजकीय अलंकृत उद्यान चंद्रभानपुर में गुणवत्तापूर्ण शाकभाजी वेहन उत्पादन हेतु स्थापित मिनी सेंटर आफ एक्सीलेंस एवं उद्यान का भी भ्रमण किया गया। निदेशक उद्यान के निरीक्षण के दौरान अरुण कुमार यादव, योजना प्रभारी, मिथिलेश कुमार सिंह उद्यान निरीक्षक, विभागीय कर्मचारी चंद्रभान राम, सुनील कुमार गुप्त, मनीष कुमार राय तथा बृजेश कुमार प्रसाद उपस्थित रहे और निदेशक द्वारा मौके पर दिए गए निर्देशों को धरातल पर उतारने के लिए अपनी प्रतिबद्धता निदेशक के समक्ष दोहराई गई।

प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महाल नोबिस के जयंती के अवसर पर मनाया गया राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। विकास भवन में जिला अर्थ एवं संख्या विभाग द्वारा रविवार को 19वां सांख्यिकी दिवस मनाया गया। प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महाल नोबिस के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुशील कुमार ने प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महाल नोबिस के जीवनी एवं योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि, प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महाल एक प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक एवं सांख्यिकीविद थे। उन्हें दूसरी पंचवर्षीय योजना के अपने मसौदे के कारण जाना जाता है। भारत की स्वतंत्रता के पश्चात नवगठित मंत्रिमंडल के सांख्यिकी सलाहकार बने तथा औद्योगिक उत्पादन की तीव्र बढ़ोतरी के जरिए बेरोजगारी समाप्त करने के सरकार के प्रमुख उद्देश्य को पूरा करने के लिए योजना का खाका खींचा। यह दिवस सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में अग्रणी रहे प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महाल नोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल मनाया जाता है। सांख्यिकी दिवस का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास के लिए सामाजिक-आर्थिक नियोजन और नीति निर्माण में खासकर युवा पीढी के बीच सांख्यिकी के महत्व के बारे में जन जागरूकता पैदा करना है। वर्ष 2007 से प्रत्येक वर्ष सांख्यिकी दिवस राष्ट्रीय प्रासंगिकता की थीम के साथ मनाया जाता है।

वर्ष 2025 के लिए थीम (विषय) 'राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष है, जो भारत में साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने और शासन का समर्थन करने वाले विश्वसनीय एवं समयबद्ध सांख्यिकीय डेटा प्रदान करने में राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है। प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महाल नोबिस द्वारा भारतीय सांख्यिकीय संस्थान का स्थापना किया गया तथा वर्ष 1955 से 1967 तक प्लानिंग कमीशन के सदस्य रहते हुए द्वितीय पंचवर्षीय योजना में देश में सामाजिक और आर्थिक प्रगति को विकसित करते हुए मसौदा तैयार किया गया जिससे देश लाभान्वित हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिला अर्थ एवं संख्या विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

नीलामी सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 1/7/2025 को थाना सरायलखंसी में 2 अदद पिकअप वाहन की नीलामी होना है। नीलामी में भाग लेने के लिए सभी इच्छुक लोग दिनांक 1/7/2025 को दिन में 11 बजे थाना सरायलखंसी पहुंच कर भाग ले सकते हैं।

शैलेश सिंह
थानाध्यक्ष

मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन

तरुणमित्र न्यूज़

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। शासन के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को ब्लॉक के ग्राम क रहा समेत चार प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया।

इस स्वास्थ्य मेले में चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं देते हुए विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर मरीज का परीक्षण कर उन्हें दवा दी इस दौरान 138 मरीज का चिकित्सकों द्वारा परीक्षण करने के पश्चात दवा दी गई लगे हुए। इस स्वास्थ्य मेले के दौरान अस्पताल की अधीक्षक डॉक्टर राम बदन ने कुछ स्वास्थ्य केदो पर पहुंचकर स्वास्थ्य मिले के बारे में जानकारी प्राप्त किया और मरीजों को जागरुक करते हुए इस बरसात के आने वाले मौसम में स्वच्छता के प्रति संदेश दिया। इस मौके पर चिकित्सक डॉक्टर जावेद अहमद डॉक्टर संजय चौहान डॉक्टर मोहम्मद शारिक समेत सरोज यादव हंसराज यादव एवं अस्पताल के एनम स्टाफ नर्स स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

कागजात के अभाव में 28 वाहनों का कटा चालान

तरुणमित्र न्यूज़

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। पुलिस अधीक्षक इलमारन जी के आदेश के क्रम में शनिवार संध्या पुलिस ने लगभग एक दर्जन स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान के क्रम में अलग-अलग स्थान से 28 दो पहिया वाहनों का कागजात के अभाव में पाए जाने पर ई चालान किया गया कोतवाल रविंद्र नाथ राय के नेतृत्व में उप निरीक्षक राम अवध महिला उप निरीक्षक माधुरी सागर अरविंद कुमार यादव सरफराज खान अनिल सिंह सुरजीत सिंह वैभव कुमार पांडे विकास कुमार समेत कांस्टेबल निर्भय सिंह अंशुमन शुक्ला अखिलेश यादव आदि पुलिस के लोगों ने विभिन्न स्थानों पर चेकिंग के दौरान कागजात हेलमेट एवं प्रदूषण के मामले में कमी पाए जाने पर वाहनों का चालान किया गया कोतवाल रविंद्र नाथ राय ने वाहन चालकों को सख्त निर्देश दिया कि गाड़ी चलाते समय सभी गाड़ी के कागजात एवं हेलमेट लगाकर ही वाहन को चलाएं जिसे होने वाली दुर्घटना से बचेंगे।

सतीश पाण्डेय जिला कांग्रेस कमेटी के प्रिंट मीडिया प्रभारी मनोनीत

पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष, दी बधाई

सतीश कुमार पाण्डेय

तरुणमित्र न्यूज़

मऊ। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची में सतीश कुमार पांडेय को प्रिंट मीडिया जिला प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके मनोनयन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने हर्ष जताते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने सतीश कुमार पांडेय के मनोनयन को संगठन के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि, "उनका अनुभव और पत्रकारिता क्षेत्र की समझ पार्टी की विचारधारा और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी।"

सतीश कुमार पांडेय ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे और मीडिया के माध्यम से कांग्रेस की नीतियों, कार्यक्रमों और जनहित की आवाज को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करेंगे।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय पदाधिकारियों ने भी उनके मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त की और पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

जी.एच.के. हास्पिटल
(मल्टी स्पेशलिटी)
पालीटेक्निक चौराहा निकट-लोहिया पार्क, जौनपुर
सुविधाएं:-
⇨ अल्ट्रासाउण्ड एवं कलर डापलर
⇨ इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ
⇨ नार्मल एवं सीजर डिलीवरी
⇨ कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण
⇨ काल्पोस्कोपी
⇨ हिस्ट्रोस्कोपी
⇨ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी।

(इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध)
Mob.: 9335382171
डा. अम्बर खान
एमबीबीएस डीजीओ इलाहाबाद (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक दिन 10 से 4 बजे तक

रजि. नं. 49166 (U.P.)
हिमानी हॉस्पिटल
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)

डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
भूतपूर्व सर्जन: गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली
डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
भूतपूर्व सर्जन: • डा. एल.एच. हीरानंदानी हॉस्पिटल, मुंबइ • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली
डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)

सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टभ)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रात: 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
नि:संतान महिलाएं अवश्य मिलें

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरूणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

अधिग्रहित होगी भूमि, 15-15 मीटर जमीन की होगी जरूरत

फोरलेन के लिए कार्य शुरू

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। 70 करोड़ की लागत से बनने वाले इस फोरलेन मार्ग के निर्माण की बाधा को दूर करने के लिए लगभग 200 किसानों से जमीन की खरीद की जाएगी।

इसके लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा एसडीएम सदर से खसरा खतौनी मांगी गई है। जनपद में दिन प्रतिदिन बढ़ रहे वाहनों के कारण शहर क्षेत्र में आवागमन मुश्किल हो गया है।

अक्सर कहीं न कहीं लोग जाम की समस्या से जूझते हैं, जिसे देखते हुए शहर बाईपास बंधे को फोरलेन बनाने की कवायद शुरू हुई, जो जल्द ही परवान चढ़ने वाली है। शासन स्तर से इसकी मंजूरी मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी ने इसके टेंडर आदि की प्रक्रिया पूरी करने के बाद अब इसके निर्माण को भी शुरू कर दिया है।

35 करोड़ रुपये से नरौली पुल से करतालपुर तिराहे तक और 35 करोड़ से करतालपुर से भंवरनाथ तक फोरलेन मार्ग का निर्माण किया जाएगा। इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए जमीन का अधिग्रहण के लिए एसडीएम सदर से इन निर्माण के रास्ते में आ रहे लोगों की जमीनों के अभिलेख मांगे गए हैं।

सड़क के बीच से दोनों तरफ 15-15 मीटर ली जाएगी जमीन- इस फोरलेन के निर्माण के लिए बीच से दोनों तरफ 15-15 मीटर जमीन की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए राजस्व कर्मियों द्वारा जांच पड़ताल कर डाटा जुटाया जा रहा है। सरकारी जमीन को छोड़कर जो अन्य लोगों से जो जमीन ली जाएगी उसका मुआवजा उन्हें दिया जाएगा।

जुकाम और बुखार के मरीज बढ़े, रोज आ रहे 35

आजमगढ़। शनिवार को अस्पताल में डा. आरके कुशवाहा की ओपीडी में 80 से 90 मरीज पहुंचे। इनमें 30 से 35 मरीज सर्दी-जुकाम और बुखार से पीड़ित होकर पहुंचे। सुबह से ही जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर मरीजों की लंबी कतारें लग गईं। सुबह 10 बजे के बाद मरीजों की संख्या इतनी बढ़ गई कि पर्चा बनवाने के लिए धक्का-मुक्की की स्थिति उत्पन्न हो गई। डॉ. आरके कुशवाहा ने बताया कि मौसम में हो रहे बदलाव और वातावरण में बढ़े धूलकणों के कारण वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है।

मरीजों में गले में खराश, तेज बुखार और जुकाम की शिकायतें आम हैं, वहीं कई मरीज सांस लेने में तकलीफ की भी शिकायत कर रहे हैं। उन्होंने सलाह दी है कि बदलते मौसम में विशेष सतर्कता बरतें, ठंडी चीजों से परहेज करें और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।

वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बलिया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों/ वांछित अभियुक्तों/वारण्टीयों के विरुद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ के सघन अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बाँसडीह प्रभात कुमार व थानाध्यक्ष अजय पाल के कुशल नेतृत्व में रविवार को थाना बांसडीह रोड पुलिस टीम के उ0नि0 महेन्द्र रावत मय हमराह/कर्मचारीगण के साथ चेकिंग तलाशी/विवेचना सम्बन्धित मु0अ0स0 109/25 धारा 69,351(3) बी0एन0एस0 में मामूर थे कि मुखविर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त विनय सोनी पुत्र भोला सोनी निवासी रघुनाथपुर पीपरपाती थाना बांसडीह रोड जनपद बलिया उम्र 24 वर्ष को S.S. पैरामाउण्ट स्कूल आमघाट तिराहे के पास समय 10.00 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय द्वारा विधिक कार्यवाही पूर्ण कर मा0न्यायालय भेजा गया।

ऋषिकेश राय बने अध्यक्ष तो अवध किशोर प्रबन्धक

तरूणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद। नगर के अस्ट शहीद इंटर कॉलेज मुहम्मदाबाद के नए प्रबंध समिति का चुनाव रविवार को चुनाव अधिकारी शिवकुमार राय वरिष्ठ अधिवक्ता व पर्यवेक्षक के अरविंद कुमार सह जिला विद्यालय निरीक्षक की देखरेख में संपन्न हुआ।

जिसमें ऋषिकेश राय अध्यक्ष, दामोदर राय उपाध्यक्ष, अवध किशोर राय प्रबंधक, नरेंद्र कुमार राय उप प्रबंधक, रविंद्र नाथ राय कोषाध्यक्ष, समेत श्री शिवशंकर राय, मृत्युंजय राय, रविंद्र नाथ राय, जितेंद्र नाथ राय, अवधेश राय, मंगला राय, अमिताभ राय आदि कार्यकारिणी के सदस्य निर्विरोध चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उपस्थित लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर अष्ट शाहिद इंटर कॉलेज मुहम्मदाबाद के प्रधानाचार्य शिव शंकर गिरी, पवन कुमार राय, रविंद्र नाथ शर्मा, सुबोध कुमार श्रीवास्तव समेत विद्यालय परिवार के कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुहम्मदाबाद इण्टर के माला नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन आज

बलिया। जिला सेवायोजन कार्यालय, बलिया के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले के अन्तर्गत दिनांक-30 जून, को विजन इण्डिया-जी.एम.आर. इलेक्ट्रिक प्रा. लि. में टेक्निशियन, हेल्फर इत्यादि पदों पर कैम्पस चयन के माध्यम से हाईस्कूल, इण्टर, एवं आई0टी0आई0 इलेक्ट्रिशियन, डिप्लोमा एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से उनके योग्यता के अनुरूप चयन की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। यह जानकारी जिला सेवा योजन अधिकारी ने देते हुए बताया कि मेले में प्रतिभाग करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीकृत अभ्यर्थियों का कैम्पस चयन रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से होगा।

सांख्यिकी दिवस का हुआ आयोजन

गाजीपुर। चन्द्रशेखर प्रसाद अर्थ एवं संख्या अधिकारी ने बताया कि प्रो. पी.सी. महालनोबिस के स्मृति में थीमश 75 YEARS OF NATIONALSAMPLE SURVEY इस अवसर पर सांख्यिकीय दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा किया गया। उन्होने कहा कि महान सांख्यिकीयविद प्रो. श्री महालनोबिस के स्मृति में सांख्यिकीय दिवस का आयोजन किया गया है, जिनका जन्म 29 जून सन् 1893 को कलकत्ता में हुआ था और उनकी मृत्यु 28 जून सन् 1972 को हुई थी। विभिन्न विभागों में सांख्यिकीय ऑकड़े एकत्र करने हेतु सांख्यिकीय सेल के अधिकारी व कर्मचारी तैनात किये जाते हैं। सांख्यिकी का क्षेत्र बहुत व्यापक है तथा सभी क्षेत्रों में इसका प्रयोग किया जाता है। इस वर्ष का थीम 75 YEARS OF NATIONALSAMPLE SURVEY के सम्बन्ध में उनके द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। इन्होने यह भी बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य सामाजिक आर्थिक नियोजन एवं नीती निर्धारण में सांख्यिकी की भूमिका के बारे में जनता में विशेष जागरूकता लाना तथा उन्हे प्रेरित करना है। प्रो. महालनोबिस ने सन् 1944 में वेल्डन मेमोरियल प्राइज लंदन में प्राप्त किया तथा सन् 1968 में भारत सरकार द्वारा पद्यम विभूषण पुरस्कार से विभूषित किया गया। इनका योगदान भारतीय सांख्यिकीय सेवा में अत्यधिक रहा तथा भारत सरकार द्वारा उनको कैबिनेट के स्टैटिकल एडवाजार के रूप में नियुक्त किया गया था। सांख्यिकीय क्षेत्र में अप्रतिम योगदान हेतु इनका जन्म दिवस सांख्यिकीय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

27 प्रकार की मिलेगी सुविधाएं

आजमगढ़, संवाददाता। सहायक निदेशक (सेवायोजन) राममूर्ति ने बताया है कि प्रदेश में सेवा क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेवामित्र पोर्टल को विकसित किया गया है। पोर्टल पर 27 प्रकार की सेवाएं मिलेंगी। उन्होने बताया कि पोर्टल का मुख्य उद्देश्य सेवाप्रदाता (सर्विस प्रोवाइडर) और यूजर, कस्टमर, क्लाइंट (उपभोक्ता) को एक प्लेटफार्म पर लाना है, ताकि यूजर, क्लाइंट को अपने रोजमर्रा संबंधी कार्यों, पैथालाजी जैसे 27 प्रकार की पूर्व संचालित सेवाओं के अतिरिक्त प्रोजेक्ट वर्क बेस सेवाएं भी प्रारम्भ की जा रही है। जिले के ऐसे सेवाप्रदाता जिनके द्वारा आमजनमानस को उनके द्वार पर ही सेवायें उपलब्ध करायी जा रही है।

उज्जवल सिंह का राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में हुआ सेलेक्शन

तरूणमित्र न्यूज

बरदह। थाना क्षेत्र के गिडऊर सरावा गांव के निवासी उज्जवल सिंह जीडी मेमोरियल विद्यालय लालगंज से इसी वर्ष कक्षा 10 की परीक्षा पास की खेल में रुचि होने के कारण ग्वालियर मध्य प्रदेश में चल रहे 13वीं राष्ट्रीय कबड्डी चयन में अपने प्रतिभा को प्रदर्शित किया जहां इन्हें चयनकर्ताओं द्वारा चयनित किया गया और उनके खेल में सूझबूझ को देखते हुए और प्रतिभा के कारण चयन कर्ताओं ने इन्हें चयन कर लिया और 13 में नेशनल चैंपियनशिप कबड्डी आयोजन में राष्ट्रीय खिलाड़ी के तौर पर इनका चयन कर लिया गया ग्वालियर से आने के बाद इन्हें प्रशस्ति पत्र और लेटर दिया गया जुलाई अंतिम सप्ताह या अगस्त तक इन्हें राष्ट्रीय कबड्डी फेडरेशन की तरफ से सूचना दी जाएगी इसके बाद यह बताओ राष्ट्रीय खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए स्थान पर जाएंगे उज्जवल सिंह ने बताया कि उन्हें खेलकूद में बचपन से ही रुचि थी और जीडी मेमोरियल विद्यालय में मन बहादुर खेल टीचर ने उनको कबड्डी खेलने के लिए प्रोत्साहित किया और उनकी प्रतिभा को देखते ,हुए उन्हें ग्वालियर कबड्डी चयन प्रतियोगिता में भेजने के लिए तैयार किया वह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता गुरुजनों एवं क्षेत्र वासियों को दे रहे हैं। उज्जवल सिंह बचपन से ही कुड़ी कूदने और ग्राम में रामलीला में भाग लेने एवं ग्रामीणों के बच्चों के साथ खेलकूद में आगे थे।

झमाझम बारिश से सिकंदरपुर हुआ सराबोर, किसानों के खिले चेहरे

सिकंदरपुर (बलिया)। प्रचंड गर्मी और उमस से जूझ रहे सिकंदरपुर और आसपास के क्षेत्रों को रविवार दोपहर को आखिरकार बड़ी राहत मिली। लंबे इंतजार के बाद हुई झमाझम बारिश ने न केवल मौसम को सुहावना बना दिया, बल्कि किसानों के चेहरों पर भी खुशी बिखेर दी।

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर रखा था। लोग बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में रविवार दोपहर को हुई जोरदार बारिश किसी सौगात से कम नहीं थी। बारिश होते ही सड़कों पर पानी बह निकला और मौसम में ठंडक घुल गई, जिससे लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली।

इस बारिश से सबसे ज्यादा प्रसन्नता किसानों में देखने को मिली। धान की रोपाई के लिए पानी की कमी से जूझ रहे किसानों के लिए यह बारिश संजीवनी बनकर आई है। खेतों को पर्याप्त पानी मिलने से अब धान की बुवाई और रोपाई का काम तेजी पकड़ सकेगा, जिससे उनकी चिंताएं कम हुई हैं। उम्मीद है कि यह बारिश कृषि कार्यों को गति प्रदान करेगी और आने वाले समय में अच्छी फसल की संभावना बनेगी।

आखिर कब हटेगा परिषदीय स्कूलों से एचटी तार

आजमगढ़। जिले के 251 परिषदीय स्कूलों में गुजर रहा एचटी तार कब हटेगा। एचटी तार न हटने से स्कूलों में बच्चों दुघर्टना की आशंका के बीच पढ़ने को विवश होते है। हालांकि बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ बिजली विभाग के अधिकारियों को पत्र भी लिखे जा चुके है। इसके बावजूद एचटी तार को नही हटाया जा रहा है। जिसे लेकर शिक्षक और छात्र अभिभावक काफी परेशान है। जिले में 251 परिषदीय स्कूल के ऊ पर से बिजली विभाग के हाईटेंशन तार गुजरे हैं। इसमें से करीब डेढ़ साल पहले 131 स्कूलों से एचटी हटाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से शासन को प्रस्ताव बना भेजा था लेकिन अभी तक धनराशि नही मिल पायी है। इधर एचटी तार हटाने की कवायद न तो बिजली विभाग कर रहा है और न ही शिक्षा विभाग अपनी मजबूत पैरवी कर पा रहा है।

विद्युत की अघोषित कटौती से जनता परेशान सपा करेगी जनांदोलन : विधायक

बैरिया(बलिया)। विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक जयप्रकाश अंचल ने रविवार को बैरिया स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि क्षेत्र के अस्पताल दवा व चिकित्सक के अभाव के साथ ही विजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुके है। सपा विधायक जयप्रकाश अंचल ने बिजली व्यवस्था पर रोष व्यक्त करते हुए कहा की भाजपा सरकार की अकुशलता के कारण प्रदेशवासियों को बिजली रुला रही है।उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों की मनमानी व नकली केबल लगाने के चलते पुरे बैरिया विधानसभा क्षेत्र मे महज तीन से चार घंटे ही बिजली मिल रही है साथ ही तहसील मुख्यालय पर छह से आठ घंटेही बिजली मिल रही है। अगर जल्द ही बिजली व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगी। कहा कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनी थी तो 25 हजार करोड़ रुपये की बिजली क्रय की जाती थी लेकिन जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से यह सरकार बिजली का क्रय नही कर रही है।

उन्होंने सरकार से प्रश्न किया कि जब बिजली खरीदी ही नही जाएगी तो आखिर कैसे किसान, कारोबारी व अन्य उपभोक्ता को 18 घंटे बिजली दे पाएंगे। पत्रकारों से मुखातिब सपा विधायक जयप्रकाश अंचल ने कहा कि प्राइवेट सेक्टर से बिजली खरीदी नहीं जा रही है। पिछले पांच सालों में कोई नई विद्युत उत्पादन इकाई स्थापित नहीं की गई।

ऐसे में केवल आश्वासनों से कैसे बिजली मिलेगी। कहा कि इस संदर्भ में मुख्यमंत्री, ऊर्जामंत्री व ऊर्जा सचिव को पत्र भेजा हूं। विधायक ने क्षेत्र में बदहाल हो चुकी स्वास्थ्य सेवाओं पर चिता व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पतालों में दवा नही है। डॉक्टरों की कमी के कारण कही कही वार्ड ब्याय अस्पताल चला रहे हैं। गंभीर रोगी को मऊ व आजमगढ़ रेफर कर दिया जा रहा है। बताते चलें कि ये पहली बार नहीं है कि विधायक ने बिजली व्यवस्था को लेकर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग में व्यापक सुधार की जरूरत है। बिजली विभाग के निजीकरण पर उतारू सरकार ये बताए कि जब उनके हाथ में नियंत्रण ही नहीं होगा तो बिजली में सुधार कैसे होंगे?

मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

तरूणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद। ग्राम सभा हरिबल्लमपुर में रविवार को प्रतिभा सम्मान सामरोह व चुनौतीया एवं समाधान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमें हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें ग्राम सभा हरिबल्लमपुर व चकतरफिया सम्मानित लोग उपस्थित रहे हाईस्कूल में सोनी चौधरी था विशाल यादव 91.6 इंटरमीडिएट में साक्षी यादव तथा प्रिया यादव 91 प्रतिशत पाकर प्रथम पुरस्कार की विजेता रही ये जिसमे प्रोफेसर डॉ अजय पांडेय ने कहा कि शिक्षा समाज के लिए बहुत जरूरी है शिक्षा से ही समाज की नई संरचना समाज का विकास किया जा सकता है। समाजिक चिंतक श्री रामजी सिंह यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ता है हम सभी अभिभावकों का यह कर्तव्य होना चाहिए कि हम अपने बच्चों को अच्छे से अच्छे शिक्षा दिलाने के लिए तथा उसे समझ में बेहतर बनाने के लिए अपना पूरा समय निकालकर बच्चों के शिक्षा पर ध्यान दें। कार्यक्रम में मुख्यरूप से श्री सूर्यनाथ यादव, महेंद्र पाण्डेय,रामधारी यादव, राममिलन गोड़, शिव वचन प्रजापति, लाल बहादुर मास्टर, श्याम मास्टर, संतोष यादव संजय प्रजापति, शिवकुमार यादव, राधेश्याम यादव, मन्नू चौधरी सुनील चौधरी, विनोद यादव, रामध्यान यादव, रमाशंकर तथा समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री भरत सिंह यादव था तथा आभार व्यक्त ग्रामप्रधान प्रतिनिधि एडवोकेट जयप्रकाश यादव ने किया।

मेधावी छात्र-छात्राओं को दिया गया पुरस्कार।

पुलिस मुठभेड़ में लूट के आरोपी छः अभियुक्त गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

बलिया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं आपराधियों के विरूद्ध तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) अनिल कुमार झा एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) कृपा शंकर के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी रसड़ा के नेतृत्व में SOG/सर्विलांस टीम, बलिया व थाना उभांव तथा थाना नगरा की संयुक्त पुलिस टीम को मिली सफलता। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी रसड़ा के कुशल मार्गदर्शन में रविवार को थाना स्थानीय से सम्बन्धित वांछित व अज्ञात अभियुक्तों की तलाश हेतु सर्विलांस टीम प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव मय टीम, निरीक्षक उभांव राजेन्द्र प्रसाद सिंह मय फोर्स, थानाध्यक्ष नगरा कौशल कुमार पाठक मय फोर्स, SOG प्रभारी अजय साहनी मय टीम के मालीपुर के पास मौजूद थे, सभी लोग आपस में अपने-अपने थाना क्षेत्र में घटित अपराधो के बारे मे चर्चा कर रहे थे कि तभी मुखबीर खास ने उपस्थित आकर सूचना दिया कि कुछ बदमाश जो आपके थाना नगरा और थाना उभांव में पहले भी लूट की घटनाये कर चुके हैं, आज भी किसी लूट की घटना को अंजाम देने के लिए नेछुआडीह फायर सर्विस के बगल में खेत में बैठे योजना बना रहे हैं, यदि आप लोग जल्दी करें तो पकडे जा सकते हैं।

इस सूचना पर पुलिस टीम नेछुआडीह फायर सर्विस के पास पहुँची मुखबिर ने खेत के अन्दर बैठे हुए बदमाशो की तरफ इशारा करके बताया कि साहब सामने जो घेरा बनाकर बदमाश बैठे दिखाई दे रहे है ये वही बदमाश हैं । पुलिस टीम द्वारा घेरा बन्दी कर बैठे हुये बदमाशो को घेर लिया कि इतने में ही एक बदमाश ने जोर से कहा भागो पुलिस आ गयी है और पास खडी मोटर साइकिलें लेकर सभी भांगने का प्रयास करने लगे कि अपने को पुलिस से घिरता देख बदमाशो के बीच से आवाज आयी भागो मारो पुलिस वाले हैं इतना कहते ही एक बदमाश ने हम पुलिस वालो को लक्ष्य बनाकर जान से मारने की नीयत से एक फायर किया, गोली थानाध्यक्ष नगरा की कनपटी के बगल से निकल गयी और बाल बाल बज गये । पुन: सभी टीम द्वारा साहस दिखाते हुए एकाएक घेर कर सभी बदमाशों क्रमश: सुनील यादव उर्फ बैल पुत्र रामचीज निवासी मझवलिया थाना उभांव जनपद बलिया उम्र करीब 40 वर्ष रवि कुमार पुत्र भगवान राम निवासी चाडी सराय सम्भल थाना नगरा जनपद बलिया उम्र करीब 23 वर्ष आनन्द कुमार पुत्र रामानन्द निवासी चाडी सराय सम्भल थाना नगरा जनपद बलिया उम्र करीब 32 वर्ष रोहित कुमार पुत्र लालबहादुर निवासी परती सुपापाली थाना नगरा जनपद बलिया उम्र करीब 20 वर्ष, अमित गुप्ता पुत्र प्रेमलाल निवासी गनेरिया थाना रीदौली जनपद बस्ती उम्र करीब 21 वर्ष को पकड़ लिया गया जिनके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 अदद खोखा, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा 07 अदद मोबाइल व 02 अदद मोटर साइकिल बरामद हुई। पकड़े गये अभियुक्तों की निशानदेही पर ही इन अभियुक्तों द्वारा चोरी/लूट के साने के जवारात खरीदने वाले सोनार/अभियुक्त, पुष्पेन्द्र वर्मा पुत्र नन्दलाल वर्मा निवासी बस्ती थाना रामपुर जिला मऊ को भी गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से चोरी का खरीदा हुआ 02 अदद मंगलसूत्र भी बरामद हुआ। अत: उपरोक्त वांछित अभियुक्त को जुर्म से अवगत कराते हुए समय करीब 03.50 बजे हिरासत पुलिस में लेकर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।

मोहर्रम का पहली का जुलूस निकला, शुरू हुआ दस दिवसीय पर्व

सिकन्दरपुर(बलिया)। नगर के मोहल्ला मिल्की से शनिवार रात मोहर्रम के पहली का जुलूस निकलने के साथ दस दिवसीय मोहर्रम पर्व की शुरुआत हो गई। ताजिया कमेटी के सदर इम्तियाज अंसारी के नेतृत्व में रात करीब 10 बजे मोहल्ला इमाम चौक से शुरू हुआ जुलूस शाही मस्जिद, पुराना पोस्ट ऑफिस, जल्पा चौक, गंधी रशीदिया चौक, भीखपुरा, बढ़ा तिराहा होते हुए मध्य रात्रि में मोहल्ला बढ़ा की दरगाह के मैदान पहुंचा।

जुलूस में सैकड़ों युवा, किशोर और अधेड़ लाठी-डंडों के साथ शामिल हुए। नातखां मर्सिया पढ़ते और या हुसैन, या अली के नारे लगाते हुए भीड़ ने उत्साह दिखाया। रास्ते में लाठी, गदका और बनेठी के करतबों ने लोगों का मनोरंजन किया। जुलूस देर रात अपने मोहल्ले में वापस लौटकर समाप्त हुआ। जुलूस में सैयद मिन्हाजुद्दीन अजमली, जफर अजमली, कारी फिरोज, नजरुलबारी, गनेश प्रसाद सोनी, भीष्म चौधरी, संजय जायसवाल, अभिषेक सोनी, जितेश वर्मा, राजकुमार जायसवाल, खुर्शीद नेता, फैजी अंसारी, रईस अहमद, राकेश यादव, राकेश सिंह, दिनेश चौधरी, मास्टर एनुलहक आदि शामिल रहे। शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन ने पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया था।

एसडीएम सुनील कुमार, सीओ रजनीश कुमार यादव, थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार, एसओ बांसडीह रोड अजय पाल, चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश तिवारी और एलआईयू इंस्पेक्टर आदित्य पूरी ने जुलूस को सकुशल संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मान्यता प्राप्त | माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी | स्थापित-1971

कम्प्यूटर शिक्षा मुफ्त | प्रवेश प्रारम्भ

स्वयंमेव मृगेन्द्रता

भारती विद्या मन्दिर

वाजिदपुर उत्तरी (अहियापुर) जौनपुर

शिशु से जूनियर हाईस्कूल तक

हमारी सुविधायें

1. हवादार खुला भवन ।
2. शिक्षण की आधुनिकतम तकनीकी।
3. प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा शिक्षण।
4. बच्चों के शारीरिक, सांस्कृतिक एवं मानसिक विकास पर बल।

सभी कक्ष CCTV कैमरे युक्त

प्रधानाचार्य
कमलेश कुमार पाल
एम.ए., बी.एड.
Mob.: 9793402512

प्रबन्धक
आदर्श कुमार 'सम्पादक'
Mob.: 9452984488
सहप्रबन्धक- नरेन्द्र कुमार गुप्त
Mob.: 8088051925

नोट- 3 सगे भाई-बहनों में 1 की फीस माफ। | शिशुओं को खेल उपकरण द्वारा शिक्षा।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
श्रम मंत्रालय भारत सरकार एन.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त
प्यारी देवी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
100% रोजगारपरक
ट्रेड (कोर्स) | अवधि | पात्रता
फिटर | 2 वर्ष | हाईस्कूल
इलेक्ट्रिशियन | 2 वर्ष | हाईस्कूल
सीमित सीट
★आधुनिक वर्कशाप ★ अनुभवी शिक्षक
विशेष- कैम्पस सिलेक्शन सुविधा, सुसज्जित कार्यशालाएँ प्रशिक्षित एवं अनुभवी अनुदेशक, जाब अप्रेन्टिस की व्यवस्था
गौराबादशाहपुर, पिलखिनी, जौनपुर
Mob.: 9415234998, 8423472673

लक्ष्मी हेल्थ केयर नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेज
A.N.M. 10+2 (Art/Bio)
G.N.M. (A) 10+2 (Bio)
B.Sc. Nursing (A) 10+2 (Bio)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
O.T.T. डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन
D.P.T. डिप्लोमा इन फिजियोथिरेपी
OPTOMERTY डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री टेक्निशियन
कुत्तूपुर, जौनपुर Mob. : 7275314939, 9236627158

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC & Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Station, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
कोठी परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
त्यौहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्राण्डेड ज्वैलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का मौका दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर मो. 09838435680 - ए.सी. शोरूम
सम्बधित फर्म-
परसोतम राम नरेन्द्र कुमार बैंकर ख्वाजगी टोला, स्टेशन रोड, जौनपुर
कोठी परसोतम राम राजाराम बैंकर्स कोतवाली चौराहा, जौनपुर

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का ट्रंप के पक्ष में फैसला



नई दिल्ली। अपने कार्यकाल के पहले दिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जन्मसिद्ध नागरिकता समाप्त करने के लिए एक कार्यकारी आदेश जारी किया, जोकि अमेरिका में जन्मे सभी बच्चों को नागरिकता प्रदान करता है। यह अधिकार संविधान में 160 वर्षों से निहित है। इस आदेश को चुनौती देने वाले मुकदमे दायर किए गए और कई राज्यों के न्यायाधीशों ने इसे रोकने के लिए निषेधाज्ञाएं जारी कीं। हाल ही में, सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन के पक्ष में निर्णय दिया, जिससे आदेश लागू होने का रास्ता साफ हो गया।

इससे कई सवाल उठते हैं जैसे कि क्या कुछ राज्यों में अवैध रूप से रहने वाले प्रवासियों के बच्चों को नागरिकता का अधिकार होगा? क्या ऐसे माता-पिता के बच्चों को निर्वासित किया जा सकता है? 22 राज्यों, जहां डेमोक्रेटिक सरकारें है, वहां जन्मसिद्ध नागरिकता आदेश के खिलाफ केस दायर किए गए थे। इसके विपरीत 28 राज्यों में जहां आदेश को चुनौती नहीं दी गई, अवैध रूप से रहने वाले प्रवासियों के बच्चों को अमेरिकी नागरिकता से वंचित किया जा सकता है। बता दें कि कई प्रवासी अधिकार समूहों ने इस आदेश के खिलाफ आपातकालीन रोक लगाने की मांग की है। इस निर्णय के संभावित प्रभावों पर चर्चा जारी है। बता दें कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने जन्मसिद्ध नागरिकता नीति को चुनौती देने वाले मामलों को निचली अदालतों में वापस भेज दिया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, निचली अदालतों यह तय करना होगा कि नए फैसले का पालन करने के लिए अपने आदेशों को कैसे तैयार किया जाए। बता दें कि कार्यकारी आदेश कम से कम 30 दिनों के लिए अवरुद्ध रहता है। ऐसा इसलिए जिससे निचली अदालतों और पक्षों को अगले कदमों को सुलझाने का समय मिल जाता है। माना जा रहा है कि इस मामले में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद यह संभावना खुली रह गई है कि नीति को चुनौती देने वाले समूह अभी भी सामूहिक मुकदमों के माध्यम से राष्ट्रव्यापी राहत प्राप्त कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि फैसले के कुछ ही घंटों बाद, मैरीलैंड और न्यू हैम्पशायर में ट्रम्प के आदेश को रोकने के लिए दो सामूहिक मुकदमे दायर किए गए।

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर Mob. : 9129773253
G.N.M., A.N.M., B.Sc.(Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M. सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
योग्यता 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक
चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर
आयु सीमा 17-35 वर्ष
छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव Mob.: 8931931199 9415273329
डा. शकुन्तला यादव प्रबन्ध निदेशक Mob.: 9889377675 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

रिवांश मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधायें-
जनरल सर्जरी, अपेण्डिक्स, हार्निया बच्चेदानी का ऑपरेशन, पेट आंत पित्त की थैली के पथरी का ऑपरेशन हाइड्रोसिल, गुर्दे की पथरी प्रोस्टेट (दूरबीन विधि द्वारा),बवासीर भगन्दर, फिशर का ऑपरेशन क्षार सूत्र विधि द्वारा, यूरो सर्जरी, लैप्रोस्कोपिक सर्जरी ऑपरेशन द्वारा बच्चा पैदा करने की सुविधा इत्यादि
डॉ. पवन चौरसिया B.A.M.S., M.S. (Ay) जनरल एण्ड एनोरेक्टल सर्जन
डॉ. फैजल जावेद M.B.B.S फिजीशियन
डॉ. डी.के. गुप्ता M.B.B.S., MS, Mch, Urologist यूरो सर्जन
लाइन बाजार तिराहा, वाराणसी रोड, जौनपुर
Mob.: 8765452133, 9336748494, 9415161571
24/7 EMERGENCY SERVICE

Reg. No. 65483
HOPE FAMILY CLINIC
होप फैमिली क्लीनिक
डा. नाज़िया बानो
बी.ए.एम.एस. (बैंगलोर)
सी.सी.एच., सी.जी.ओ. (पूणे)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
पूर्व एम.ओ. बालाजी हॉस्पिटल- मुम्बई
रिस्क केयर हॉस्पिटल- मुम्बई
रविवार बन्दी
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
Mob.: 9956487705
क्लीनिक का समय
सुबह- 10 बजे से 2 बजे तक / शाम- 4 बजे से 7 बजे तक
पता:- मल्हनी पड़ाव, गंगा प्रेस के सामने गली में, जौनपुर-222001

नि:सन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

उमानाथ सिंह शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय
पिलखिनी, जौनपुर (उ.प्र.)
(वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध)
वर्तमान सत्र- 2025-26 से मान्यता प्राप्त विषय
कला संकाय (बी.ए.)
प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, होम साइन्स, समाज शास्त्र।
विज्ञान संकाय (बी.एस.सी.)
भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान।
प्रवेश प्रारम्भ - शीघ्रता करें - सीटें सीमित

स्वर्ण आभूषण होल सेल से कम रेट पर
16 वर्षों से शुद्धता एवं विश्वास की कसौटी पर ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरे सोने के भाँति निरंतरता को बनाये रखते हुए आमंत्रित करता है अपने प्रतिष्ठान
सौरव ज्वेलर्स
सम्मानित ग्राहकगण
18 कैरेट जेवर पर 18 कैरेट का ही भाव लगेगा
22 कैरेट जेवर पर 22 कैरेट का ही भाव लगेगा
सोने के जेवर पर मेकिंग चार्ज 3.9 प्रतिशत से शुरू।
जो कि प्रदेश में पहली बार इतने न्यूनतम बनवाई पर HUID हाल मार्क गहने आप प्राप्त कर सकेंगे। विश्वास ही हमारी परम्परा है।
मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज तिराहा, जौनपुर
प्रो0-सौरव कुमार बैंकर मो0- 7317337000

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो. लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत 5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू. टेरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशियलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725958, 9838259535
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

बी.ए.एम.एस. के सर्वोत्तम प्रशिक्षण के लिए
डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज, जौनपुर
पता - 1214, नयनसण्ड, थाना रोड, गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उ.प्र.) 222133
College Code- AYU0728
ADMISSION OPEN 2025-26
अभ्यर्थी U.P., आयुष, NEET की वेबसाइट पर डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को प्रथम विकल्प चुनें
BAMS BACHELOR OF AYURVEDIC MEDICINE AND SURGERY
Recognized by NCISM, Ministry of AYUSH, Govt. of India, Affiliated to Mahayogi Guru Gorakhnath AYUSH University, Uttar Pradesh
10+2 (PCB) Min. 50% and NEET Qualifying Score
4.5 Years + 1 Year Internship
स्कॉलरशिप | एजुकेशन लोन सुविधा
LIMITED SEATS HURRY UP! PRE BOOK YOUR SEAT NOW
NEET UG 2024 QUALIFYING CUTOFF

CATEGORY	PERCENTILE	MARKS
GEN/EWS	50%ile	164
OBC	40%ile	129
SC	40%ile	129
ST	40%ile	129

9415273329, 9889377675, 1390691111 drshakuntalaayush.in drshamch2023@gmail.com

शादी के लिए अमेरिका पहुंची युवती लापता

नई दिल्ली। भारत की एक युवती सिमरन अमेरिका में लापता हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि युवती की उम्र करीब 24 साल है और वह अरेंज मैरिज के लिए अमेरिका आई थी। 20 जून को वह भारत से न्यू जर्सी पहुंची थी। यहीं उसे आखिरी बार देखा गया था। लिंडनवॉल्ड पुलिस को उसके लापता होने की जानकारी 5 दिन बाद बुधवार को मिली। सीसीटीवी फुटेज में जांच करने पर पता चला कि वह लगातार अपना फोन चेक रही थी। ऐसा लग रहा था कि वह किसी का इंतजार कर रही थी। लेकिन अधिकारियों ने ये भी कहा कि वह परेशान नहीं दिख रही थी। पुलिस के मुताबिक, सिमरन को इंग्लिश नहीं आती और अमेरिका में उसका कोई जानने वाला भी नहीं रहता है। उसके पास जो फोन है, वह केवल वाई-फाई के जरिए ही काम कर सकता है। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, पुलिस को अभी तक सिमरन के भारत में मौजूद किसी रिश्तेदार के बारे में भी जानकारी नहीं हो पाई है।